राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 48 अंक 203
जौनपुर, शनिवार
09 मई 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
34°C | 25°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in
















## तमिलनाडु में विजय को समर्थन देना कांग्रेस का घटिया और भयानक फैसलाः मणिशंकर

**नई दिल्ली, 08 मई।** तमिलनाडु में नई सरकार में शामिल होने के लिए कांग्रेस ने वर्षों पुराना गठबंधन तोड़ लिया और ऐक्टर वियज की पार्टी टीवीके को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस के इस फैसले की हर तरफ आलोचना हो रही है। सहयोगी के साथ-साथ पार्टी के लोग भी इसकी निंद कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने इसे भयानक निर्णय बताया है। मणिशंकर अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस के इस फैसले में घटिया राजनीतिक अवसरवादिता की बू आती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर इस कदम से भाजपा को को द्रविड़ राज्य में पिछले दरवाजे से घुसने का मौका मिलता है तो यह राजनीतिक खेल के इतिहास में अब तक का सबसे बुरा गोल होगा, जो कांग्रेस अपने ही गोलपोस्ट में करेगी। अय्यर ने कहा कि वह कल्पना भी नहीं कर सकते कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक ऐसी सुविधावादी राजनीति को अपना आशीर्वाद देंगे। मणिशंकर अय्यर ने कहा कि डीएमके के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के ठीक बाद कांग्रेस का पाला बदलकर टीवीके के साथ गठबंधन करना एक भयानक फैसला है। कुछ ही दिन पहले जिन 23 विधानसभा सीटों पर हम हारे और जिन पांच सीटों पर हम जीते उन सभी पर हमारा मुकाबला टीवीके के साथ था।








## शुभेंदु अधिकारी होंगे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री

### भाजपा विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, शपथ ग्रहण आज

**कोलकाता, 08 मई।** भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री होंगे। कोलकाता में अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक में शुभेंदु के नाम पर मुहर लगी। उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। सूत्रों के अनुसार, बंगाल के पार्टी प्रमुख समिक भट्टाचार्य ने शुभेंदु के नाम का प्रस्ताव रखा। कल नए मुख्यमंत्री के लिए शपथ ग्रहण समारोह होगा। बंगाल में इस बार भाजपा ने पहली बार बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने बंपर जीत हासिल करते हुए 207 सीटें जीती हैं, जबकि टीएमसी 80 सीटों पर सिमट गई।



शुभेंदु ने इस बार दो सीटों से चुनाव लड़ा और दोनों पर ही जीत हासिल की। नंदीग्राम के अलावा, उन्होंने भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी को 15 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। पिछले विधानसभा चुनाव में भी शुभेंदु ने नंदीग्राम से ममता बनर्जी को पराजित किया था। इससे पहले, अमित शाह शुक्रवार सुबह कोलकाता पहुंचे और भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए।

शुभेंदु अधिकारी समेत अन्य भाजपा नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शाह का स्वागत किया। हवाई अड्डे से वह न्यू टाउन स्थित एक होटल गए। दोपहर में शाह विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

## केदारनाथ धाम में चेंकिग के दौरान टेंट से मिले दो एयर गन और धारदार हथियार

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक टेंट में ठहरे व्यक्ति से दो एयर गन व धारदार हथियार बरामद किए गए हैं, उक्त व्यक्ति से पूछताछ चल रही है। बताया जा रहा है कि यह व्यक्ति सीआरपीएफ में पूर्व में तैनात था, लेकिन मानसिक अस्वस्थ होने पर सेवामुक्त कर दिया गया। उक्त मामले में पुलिस ने टेंट संचालन के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की है।



केदारनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों और टेंट क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत रात्रि लगभग दस बजे केदारनाथ पैदल मार्ग क्षेत्र में पुलिस द्वारा टेंट चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के पास से दो धारदार हथियार और दो एयर गन बरामद की गई थीं।

सीओ केदारनाथ नितिन लोहनी ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा तत्काल जांच शुरू की गई तथा संबंधित व्यक्ति के परिवार और स्थानीय कोतवाली से जानकारी जुटाई गई। जांच में पता चला कि उक्त व्यक्ति प्रदीप सिंह पुत्र जयशंकर प्रताप सिंह निवासी ग्राम खमरिया, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार वह वर्ष 2004 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था, लेकिन मानसिक अस्वस्थता के कारण वर्ष 2018 में सेवामुक्त कर दिया गया था।

पुलिस के मुताबिक संबंधित व्यक्ति धार्मिक स्थलों पर भ्रमण करता रहता है और उसने शौकिया तौर पर खिलौना गन अपने पास रखी हुई थीं। वह सोनप्रयाग से केदारनाथ यात्रा के दौरान सामान चोरी होने की आशंका के चलते इन्हें अन्य सामग्री के साथ धाम तक लेकर गया था। फिलहाल उसके विरुद्ध कोतवाली सोनप्रयाग में वैधानिक कार्रवाई जारी है।

इसके अलावा बिना वैध पहचान पत्र के व्यक्ति को अपने टेंट में ठहराने वाले के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## हरदोई में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार

### कन्नौज के भाजपा नेता की मौत, पांच लोग घायल

**मल्लावां, 08 मई।** सड़क की अंधी मोड़ ने फिर एक जान ले ली। मटियामऊ तेरवाकुल्ली मार्ग पर गुरुवार रात तिलक समारोह से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर 10 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कन्नौज के भाजपा नेता की मौत हो गई। पांच साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से कन्नौज जिला चिकित्सालय भिजवाया।



कन्नौज के मुहल्ला जसोदा के रहने वाले प्रशांत त्रिपाठी भाजपा नेता थे। स्वजन के अनुसार गुरुवार की रात प्रशांत त्रिपाठी एक तिलक समारोह में शामिल होने दोस्तों के साथ सीतापुर के सिंधौली कस्बा गए थे। देर रात करीब दो बजे सभी कार से घर लौट रहे थे। इस दौरान तेरवा कुल्ली मार्ग पर मटियामऊ गांव के पास अंधी मोड़ पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार खाईं में गिरने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कार के अंदर से घायलावस्था में प्रशांत त्रिपाठी व उनके साथी शुभम तिवारी,बादल तिवारी, रमन तिवारी, निशांत अग्निहोत्री,विकास पांडेय को निकाला। एंबुलेंस से सभी घायलों को कन्नौज जिला चिकित्सालय भेजा। वहां के चिकित्सक ने प्रशांत त्रिपाठी की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में प्रशांत त्रिपाठी ने दम तोड़ दिया है। अन्य घायलों का कन्नौज जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। प्रशांत त्रिपाठी के परिवार में पत्नी मानसी के अलावा चार वर्षीय बेटी कनिका है।

## लालू, राबड़ी और तेजस्वी यादव पर आरोप तय करने का आदेश टला

**नई दिल्ली, 08 मई।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को 22 मई तक के लिए टाल दिया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने को आदेश सुनाना था, लेकिन अदालत ने फैसला स्थगित कर दिया। यह मामला आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसकी जांच ईडी कर रही है। ईडी का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान रांची और पुरी स्थित आई। आईआरसीटीसी होटलों के संचालन के ठेके नियमों की अनदेखी कर निजी कंपनी को दिए गए। बदले में लालू परिवार से जुड़ी बेनामी कंपनी को करीब तीन एकड़ प्राइम जमीन मिलने का आरोप है।



## हम वह नहीं जो मुश्किल में साथ छोड़ दें: अखिलेश

### विजय को समर्थन देने पर सपा सुप्रीमों का कांग्रेस पर तंज

**नई दिल्ली, 08 मई।** तमिलनाडु की राजनीति में भूचाल मचा हुआ है। डीएमकी, एआईडीएमके और टीवीके, किसी के पास भी बहुमत नहीं है। सभी दल सरकार बनाने के लिए रस्साकशी कर रहे हैं। ऐक्टर विजय के पास भले ही सबसे अधिक विधायक हैं, राज्यपाल उन्हें सरकार बनाने का न्योता नहीं दे रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके पास बहुमत के जरूरी 118 विधायकों का समर्थन नहीं है। कांग्रेस ने अपने पुराने सहयोगी डीएमके से अलग होकर विजय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, यह बात समाजवादी पार्टी के सुप्रीम अखिलेश यादव को पसंद नहीं है। उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी का नाम लिए बगैर दो अलग-अलग नेताओं के साथ अपनी तस्वीर की मदद से तीखा तंज कसा है।



शुक्रवार को अखिलेश यादव ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करके हुए लिखा, 'हम वो नहीं जो मुश्किल वक्त में एक-दूसरे का साथ छोड़ दें।' आपको बता दें कि एक तस्वीर में वह कोलकाता में ममता बनर्जी के साथ दिख रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में वह एमके स्टालिन के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्रियों को हाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है।

अखिलेश यादव के इस बयान को सीधे तौर पर कांग्रेस के लिए एक तंज माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में संपन्न हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने डीएमके से गठबंधन तोड़ लिया और विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) को समर्थन देने की घोषणा की। कांग्रेस के इस कदम को डीएमके ने पीठ में छुरा घोंपना करार दिया है। डीएमके नेताओं का कहना है कि मुश्किल वक्त में कांग्रेस ने सत्ता के लालच में दशकों पुराने रिश्ते को खत्म कर दिया।

## थलापति विजय को समर्थन पर डीएमके ने छोड़ा 'हाथ' का साथ

### कहा- संसद में अलग बैठेंगे हमारे सांसद

**नई दिल्ली, 08 मई।** द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) की सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर सदन में अपनी पार्टी डीएमके के सदस्यों की बैठने की व्यवस्था बदलने का अनुरोध किया है।



पत्र में कनिमोझी ने साफ किया कि मौजूदा बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ डीएमके के गठबंधन के खत्म होने के बाद अब उनके सदस्यों का कांग्रेस सांसदों के साथ एक साथ बैठना ठीक नहीं है। उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया है कि डीएमके संसदीय दल के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की जाए, ताकि पार्टी के सांसद लोकसभा में अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर और प्रभावी ढंग से निभा सकें।

कनिमोझी ने उम्मीद जताई कि स्पीकर का कार्यालय उनके इस अनुरोध पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाएगा। यह मांग ऐसे समय में आई है जब तमिलनाडु की राजनीति में गठबंधनों की दिशा में बदलाव हुआ है। डीएमके लंबे समय से कांग्रेस के साथ गठबंधन में रही है, लेकिन हालिया घटनाक्रमों के बाद दोनों पार्टियों के रिश्तों में दूरी बढ़ी है।

सूत्रों के अनुसार, स्पीकर कार्यालय इस पत्र पर विचार कर रहा है। लोकसभा में सीटिंग अरेंजमेंट में बदलाव संसदीय परंपराओं के अनुसार किया जाता है, जिसके लिए स्पीकर का फैसला अंतिम माना जाता है।




### सभी विभाग समय से पूर्ण करें तैयारियां : सीडीओ

# संभावित सूखे से निपटने के लिए प्रशासन सतर्क

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संभावित सूखे की स्थिति से प्रभावीढंग से निपटने एवं सूखा राहत कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सूखा राहत योजना से जुड़े सभी विभाग अपनी तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण कर लें, जिससे जनपद में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि तालाबों, पोखरों एवं अन्य जल स्त्रोतों में पर्याप्त मात्रा में पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी समय रहते तैयार कर ली जाएं।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी एवं दूषित जल से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाए। चिकित्सा केंद्रों पर आवश्यक दवाओं, ओआरएस, पेयजल जांच किट एवं अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। बैठक में सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि नहरों के संचालन के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखी जाए तथा आवश्यकता अनुसार तालाबों एवं जलाशयों में पानी पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा गर्मी के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिवाइडर से भिड़ी बाइक दो युवक घायल

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रीवा मिर्ज़ापुर हाईवे पर स्थित दुर्जनीपुर ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर बृहस्पतिवार की रात दस बजे ब्रेकर पर बाइक उछलने के बाद डिवाइडर से टकराकर बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेस से दोनों घायल युवकों को सीएचसी लालगंज ले जाया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी रितेश पटेल (25) लहंगपुर निवासी आयुष मौर्य (23) के साथ बाइक से कहीं निमंत्रण में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान रात दस बजे दुर्जनीपुर के पास ब्रेकर पर उछलकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। एंबुलेंस के ईएमटी दीपक कुमार यादव ने बताया कि रितेश पटेल गंभीर रूप से घायल थे, आयुष को सामान्य चोट लगी थी।

# भदोही में 36 लाख की लागत से होगा जल निकासी प्रबंध, बदले जाएंगे क्षतिग्रस्त चेंबर

**भदोही।** मानसून की आमद को देखते हुए भदोही नगर पालिका प्रशासन तैयारियों में जुट गया। बारिश के दौरान जलजमाव से प्रभावित वार्डों व मोहल्लों में निकासी प्रबंध करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसी के साथ क्षतिग्रस्त चेंबर भी बदले जाएंगे। इसके लिए प्राथमिकता आधार पर अधिक समस्या वाले वार्डों में कार्य कराने की योजना बनाई गई है।

नगर के वार्ड17 पूरे रहीम आलमपुर और वार्ड 11 हरियांव में नाला निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थित क्षतिग्रस्त चेंबर बदलने व वार्ड 17 पूरे रहीम आलमपुर में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कराने की योजना है। सीवर लाइन पहले ही डाली जा चुकी है। लगभग 36 लाख लागत वाले चारों कार्यों के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। यह समस्त कार्य राज्य वित्त फंड के मद से कराए जाएंगे। इसी तरह पिछले दिनों आयोजित बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा दिए गए प्रस्ताव के अनुसार जलनिकासी व पेयजल प्रबंध कराया जाएगा। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

पिछले साल बारिश के दौरान जिन वार्डों व मोहल्लों में अधिक समस्या उत्पन्न हुई थी वहां पहले से ही विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जबकि मानसून से पहले पहले कुछ अन्य वार्डों में भी जलनिकासी प्रबंध कराने की योजना है।

वार्ड 17 पूरे रहीम आलमपुर में 9.99 लाख की लागत से जलनिकासी प्रबंध किया जाएगा जबकि इसी वार्ड में 9.99 लाख की लागत से इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह वार्ड 11 हरियांव में 5.88 लाख की लागत से नाला निर्माण व 9.96 लाख की लागत से शहर के मुख्य मार्गों स्थित क्षतिग्रस्त चेंबर बदलने का काम किया जाएगा। 29 अप्रैल को आयोजित पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर मुहर लग चुकी है। राज्य वित्त, 15वें वित्त, बोर्ड फंड और शासन द्वारा अन्य मदों में प्राप्त धनराशि से सड़क निर्माण, जलनिकासी, जल शुद्धीकरण, प्रकाश व्यवस्था कराने की योजना है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत समस्त वार्डों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार, हैंडपंप रीबोर, अभयनपुर मैदान को पार्क के रूप में विकसित करने की योजना पर बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की है।

# बहुचर्चित जिम धर्मांतरण कांड में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** जिम में लड़कियों को ब्लैकमेल कर धर्मांतरण कराने के सनसनीखेज मामले में देहात कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में 6 हजार पेज का आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। दरअसल, यह पूरा मामला मीरजापुर शहर के उन पांच 5 जिमों से जुड़ा हुआ है जहां लड़कियों से दोस्ती कर उन्हें प्रेम जाल में फंसाया जाता था। इसके बाद उनका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जाता था। आरोपियों पर अवैध वसूली और धर्मांतरण कराने का भी आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिला जज पहले ही सभी आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर चुके हैं।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि जिम में आने वाली लड़कियों और महिलाओं को टारगेट कर यह पूरा खेल चलाया जा रहा था।

6 हजार पेज की चार्ज शीट में कई अहम सबूत शामिल किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिम में लड़कियों को ब्लैकमेल कर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया गया था। मामले में अबतक 11 आरोपियो को भेजा जा चुका है जेल जिम में जाने वाली लड़कियो से दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसा कर अवैध वसूली और धर्मांतरण का होता था खेल, लड़कियों और महिलाओ का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते थे। मामले में जिला जज पहले ही आरोपियों की जमानत खारिज कर चुके है। इस मामले में देहात कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में 6 हजार पेज का आरोप पत्र दाखिल किया है।

# पुलिया टूटने से आवागमन अवरूद्ध

### सड़क की भी हालत खराब, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

**शाहगंज, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** घोरावल ब्लाक क्षेत्रान्तर्गत ढुटेर गांव स्थित स्टेट हाइवे से मसोई गाँव को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग की हालत अत्यन्त दयनीय हो गयी है। इसी मार्ग पर शाहगंज राजवाहा के पास बनी पुलिया भी टूटकर बह गयी है। जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीण करीब डेढ़ किमी दूर दूसरे रास्ते से आने-जाने के लिए मजबूर हैं।

बताया जाता है कि राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2018-19 में राबर्टसगंज-घोरावल मुख्य मार्ग ढुटेर-मसोई सम्पर्क मार्ग के लेपन का कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया गया था। इसी मार्ग पर नहर के पास बरसाती पानी की निकासी को पुलिया का भी निर्माण कराया गया था। जो गत वर्ष वर्षा ऋतू में पानी के तेज बहान के कारण पूरी तरह टूट कर बह गयी। सड़क भी उखड़ने के साथ ही इस पर घास उग आयी है। इससे उक्त रास्ते ढुटेर, मसोई, लसही प्रभा, ईनम आदि गाँवो के रहवासियों का



टूटी हुई पुलिया का दृश्य

आवागमन बिल्कुल ठप हो गया है। मजबूरन लोग लगभग डेढ़ किमी दूरी का दूसरा रास्ता नाप कर अपने गन्तव्य तक पहुंचते हैं। बरसात के दिनों में तो स्थिति और खराब हो जाती है। इसको लेकर सम्बंधित गाँवों के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। इनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार विभाग इस पर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

पूर्व ग्राम प्रधान रामजीत मौर्य, गुलाब सिंह सहित दिनेश कुमार, बसावन, शिवप्रसाद, गुलाब, तेजबहादुर सुवाष पासवान, हीरामन, सोहन आदि ग्रामीणों ने इस ओर शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त टूटी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत यथाशीघ्र कराये जाने की मांग की है।

## महाराणा प्रताप जयंती एवं सम्मान समारोह आज

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 9 मई दिन शनिवार को सायं 4 बजें से जनपद मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद के सभागार में शंख सेवा न्यास सोनभद्र द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि उक्त अवसर पर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा नगर पालिका परिषद के सभी मनोनीत सभासदों का सम्मान समारोह कार्यक्रम भी आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रुबी प्रसाद एवं मुख्यअतिथि वरिष्ठ विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगासागर दूबें मिर्जापुर होंगे।

### टीबी मरीजों की पहचान कर उपचार के लिए किया गया चिन्हित

# शिविर लगाकर टीबी मरीजों को किया गया जागरूक

**मीरजापुर।** लालगंज विकास खंड क्षेत्र के खजुरी गांव में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज की टीम ने चौपाल लगाकर लोगों को क्षय रोग के बारे में जागरूक किया। शिविर में हाई रिस्क गांवों में हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से स्क्रीनिंग कर मरीजों को पहचान कर नि:शुल्क इलाज से जोड़ा जा रहा है। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार टीबी की पहचान और समय से उपचार सुनिश्चित करने के लिए 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विकास खण्ड लालगंज के खजुरी गांव में स्वास्थ्य विभाग लालगंज ने चौपाल लगाकर लोगों को क्षय रोग के बारे में जागरूक करते हुए शिविर लगाकर इस अभियान में हाई रिस्क गांवों में हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन से स्क्रीनिंग कर मरीजों को पहचान कर नि: शुल्क इलाज से जोड़ा जा रहा है। सभी लोगों को लक्षण और उपचार और सरकारी लाभ के बारे में जानकारी दी गई। आशा रीता देवी और ग्राम प्रधान रहीश अहमद के सहयोग से गांव के लोगों को प्रेरित कर कुल 85 मरीजों का एक्स रे किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है लेकिन नियमित दवा और समय पर उपचार से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। शिविर में शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, सुजीत कुमार मिश्रा एक्स रे टेक्निशन, अजीत कुमार सिंह, आशा रीता देवी, बृजेश बिंद, बाबूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल, ट्रेन ठहराव की मांग

**दुद्धी, सोनभद्र।** शुक्रवार को दुद्धी बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ पलामू सांसद वीडी राम से मिलकर दुद्धी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की ठहराव की मांग रखी। सांसद को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया हैं कि दुद्धी सोनभद्र झारखण्ड बार्डर पर स्थित है, तथा अगल-बगल के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व झारखण्ड राज्यों के सीमा से लगती है। यहाँ विधानसभा मुख्यालय,कचहरी, नगर पंचायत, ब्लाक एवं राजकीय महाविद्यालय तथा राजकीय आई0टी0आई0 कालेज सहित अन्य कई संस्थानें संचालित होती है, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ो लोगों का झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, गुजरात विभिन्न कार्यों के लिए आना जाना पडता है। दुद्धी नगर रेलवे स्टेशन से एक दर्जन से अधिक एक्सप्रेस गाडियों का आना जाना होता है, लेकिन उनका ठहराव नहीं होने के कारण लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए चोपन या नगर उंटारी रेलवे स्टेशन जाना पडता है, जो करीब यहाँ से



60-70 किलोमीटर दूर पडता है, इसलिए यहाँ के लोगों को झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अन्य स्थानों पर आने-जाने के लिए कठिनाईयों का सामाना करना पड़ता हैं।

प्रतिनिधि मंडल में दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष कमलेश मोहन, सचिव दिनेश कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

**इन ट्रेनों की ठहराव का किया मांग**

गाडी सं0- 13379/13380, धनबाद मुम्बई (LTT) एक्सप्रेस ट्रेन,गाडी सं0- 12873/12874, रॉची-आनन्द बिहार टर्मिनल जाने वाली एक्सप्रेस,गाडी सं0- 19608/19607 कोलकत्ता-मदार वाया अजमेर जाने वाली एक्सप्रेस,गाड़ी सं0- 13025/13026, हावडा-भोपाल जाने वाली एक्सप्रेस,गाड़ी सं0-12453/12454, राजधानी एक्सप्रेस, रॉची-नई दिल्ली,गाड़ी सं0- 19413/19414, कोलकत्ता-अहमदाबाद जाने वाली एक्सप्रेस शामिल हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**घोरावल/सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरौंधी गांव में गुरुवार देर रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शुक्रवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।जानकारी के अनुसार, घोरावल कोतवाली क्षेत्र के डोरिहार गांव निवासी 27 वर्षीय राजेश कोल, पुत्र लल्लन कोल, गुरुवार शाम वीर खुर्द गांव में एक हरि कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात वह साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बरौंधी गांव में पीछे से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें कुचल दिया। घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने राजेश को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर घोरावल कस्बा चौकी प्रभारी त्रिभुवन राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। ट्रैक्टर-ट्रॉली का चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया था।मृतक राजेश अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके दो छोटे बेटे हैं। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह भेज दिया है।

# अब प्रीपेड नहीं, पोस्टपेड मोड में मिलेगा उपभोक्ताओं को बिजली बिल : सांसद

### स्मार्ट मीटर जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में क्रियाशील हैं, उन्हें पोस्टपेड मोड में परिवर्तित करने का लिया गया है निर्णय

**भदोही।** सांसद डॉ.विनोद कुमार बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, डीएम शैलेश कुमार व एसपी अभिनव त्यागी ने शासन द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्थापित समस्त स्मार्ट मीटर जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में क्रियाशील हैं, उन्हें पोस्टपेड मोड में परिवर्तित करने का निर्णय लेने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

इस दौरान सांसद ने बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत सभी विधाओं के सभी संयोजनों पर स्थापित समस्त स्मार्ट मीटर जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में क्रियाशील हैं, उन्हें पोस्टपेड मोड में तत्काल परिवर्तित किया जा रहा है। प्रीपेड मोड से पोस्टपेड में परिवर्तन आरएमएस बैकएंड से उ.प्र.पाकालि मुख्यालय स्तर से संपादित किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को माह मई की ऊर्जा खपत का माह जून में देय बिल, पोस्टपेड पद्धति से निर्गत किया जाएगा। स्मार्ट पोस्टपेड मोड के सभी बिल उपभोक्ताओं को एसएमएस एवं व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिल प्रत्येक माह की 10



तारीख तक सृजित करना सुनिश्चित किया जाए। नॉन कम्यूनिकेशन अथवा नेटवर्क की समस्या के कारण संभव है कि अति अल्प संख्या में कुछ उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटरों की ऑटोमैटिक रीडिंग प्राप्त न हो सके। ऐसे समस्त प्रकरण जिनमें महीने की 5 तारीख तक ऑटोमैटिक रीडिंग प्राप्त न हो, उन सभी की मैनुअल रीडिंग के माध्यम से कराकर उपभोक्ता को बिल 10 तारीख तक अनिवार्यत: उपलब्ध करा दिया जाए। सांसद ने कहा कि संभव है कि कतिपय उपभोक्ताओं का आरएमएस में मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड नहीं है, त्रुटिपूर्ण है अथवा उपभोक्ता के वास्तविक मोबाइल नंबर से भिन्न हो, जिस कारण उपभोक्ता को एसएमएस एवं व्हाट्सएप के माध्यम से बिल प्राप्त न हो सके। इसके लिए डिस्कॉम द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए कि जिन उपभोक्ताओं को समय से बिल न प्राप्त हो वो निम्न व्हाट्सएप चैट बोर्टस पर संयोजन संख्या सूचित कर अपना बिल प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी नए संयोजन स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में निर्गत किए जाएंगे। चूंकि पूर्व में प्रीपेड मोड में परिवर्तन के समय उपभोक्ताओं की जमा सिक्युरिटी धनराशि बिल में समायोजित कर दी गई थी, पूर्व की भांति, उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता-2005 के प्रावधानों के अनुसार, पुन: पोस्टपेड मोड में परिवर्तन पर वर्तमान में प्रचलित कॉस्ट डाटा बुक-2026 में उपभोक्ता के विधा एवं स्वीकृत भार के अनुसार यथा निर्धारित सिक्युरिटी धनराशि चार समान किस्तों में उपभोक्ता के माह जून (जुलाई में सृजित) एवं पश्चातवर्ती 3 मासिक बिलों में जोड़ी जाएगी। यह कार्य आरएमएस द्वारा स्वत: किया जाएगा।

## सीएमओ ने सीएचसी पर किया ऑनलाइन सुविधाओं की समीक्षा

**भदोही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानीपुर का बृहस्पतिवार को सीएमओ डॉ. एसके चक औचक से निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन व्यवस्थाओं को देखा। ऑनलाइन ओपीडी, आईपीडी, लैब में होने वाली जांच को परखा। विभिन्न योजनाओं की समीक्षा किया। अधीक्षक डॉ. शुभांकर श्रीवास्तव को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सीएमओ ने देखा कि एक अप्रैल से अब तक कुल 5226 मरीजों की ऑनलाइन ओपीडी, आईपीडी हुई है। अभोली ब्लॉक द्वारा 75 प्रतिशत आभा आईडी बनाकर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया। सीएमओ ने सभी एएनएम, आशा संगिनी और सीएचओ को हेडकाउंट सर्वे में तेजी लाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। एएनएम को ओआरएस पैकेट, जिंक टैबलेट सहित अन्य जरूरी सामान दवाएं दी गई। मौके पर डॉ. पंचदेव, डॉ. सीमा, डॉ. देवजनी, श्याम सुंदर सिंह, संजीत शुक्ला, अजीत कुमार, अनिल शर्मा, जय किशन, मुकेश बिंद आदि मौजूद रहे।

# काशी नरेश राज्य विश्वविद्यालय को मिले पहले कुलसचिव

### विकास को बनाया गया कुलसचिव, संभाला कार्यभार

**भदोही।** काशी नरेश राज्य विश्वविद्यालय को अपना पहला कुलसचिव मिल गया है। शासन द्वारा विकास को कुलसचिव नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को उन्होंने विश्वविद्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया।

इस दौरान नवनियुक्त कुलसचिव के विश्वविद्यालय में आगमन पर प्राचार्य डॉ.रमेशचंद्र यादव सहित अन्य ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम भेंटकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। काशी नरेश राज्य विश्वविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रमेशचंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि कुलसचिव विकास के कार्यभार संभालने के बाद विश्वविद्यालय के कार्यों में तेजी आएगी और विश्वविद्यालय की प्रगति होगी। नवनियुक्त कुलसचिव विकास ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि शासन द्वारा दी गई




जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और विश्वविद्यालय को एक नई पहचान दिलाने का प्रयास करेंगे। विकास को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के परीक्षा नियंत्रक पद से इस नई जिम्मेदारी के लिए नियुक्त किया गया है। प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग के संयुक्त सचिव ने उनकी कुलसचिव पद पर तैनाती का आदेश जारी किया था।

## महिलाओं, बालिकाओं को बताए गए हेल्पलाइन नंबर के फायदे

**भदोही।** जिले के अलग-अलग थानों में गठित मिशन शक्ति और एंटी रोमियों की टीम ने बृहस्पतिवार को विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। कहा किसी भी दिक्कत होने पर तुरंत इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करना चाहिए। इससे समस्या का समाधान होता है। जिससे तत्काल पुलिस की मदद मिल सकेगी। यह अभियान सीतामढ़ी, ज्ञानपुर, मोढ, भदोही में चलाया गया। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 इमरजेंसी, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102 और साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 की जानकारी दी।

## आबकारी एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

**दुद्धी, सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में दुद्धी पुलिस टीम द्वारा मु0न0- 1662/24 धारा -60 आबकारी अधि0 में वांछित चल रहे 01नफर अभियुक्त अवधेश राम उर्फ रामअवधेश पुत्र महावीरराम निवासी ग्राम- कोरची,थाना- दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र करीब 59 वर्ष तथा मु0न0- 399/22 धारा -323,504भादवि में वांछित चल रहे 01नफर अभियुक्त कृष्ण पुत्र शंकर निवासी ग्राम- नौडिहा थाना- दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र करीब 52 वर्ष को जररये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त के घर ग्राम- कोरची व नौडिहा थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र से आज दिनांक 08.05.2026 की रात्रि में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आज दिनांक 08.05.2026 को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# लोजपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा विंध्यवासिनी धाम, दर्शन-पूजन के पश्चात संगठन विस्तार पर दिया जोर

**मीरजापुर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को विख्यात देवी धाम विंध्याचल पहुंचा। यहां महिला जिलाध्यक्ष सीमा सिंह के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विंध्यवासिनी धाम में दर्शन-पूजन किया।

तत्पश्चात् संगठन विस्तार के मुद्दे पर विचार-विमर्श के साथ बैठक कर संगठन मजबूती पर मंथन हुआ। इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्रा, चिंतामणि मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव पांडे, विनीत कुमार पांडे, सपना भारती, मंडल महासचिव साधना सिंह, संतोष पांडा, बहादुर सिंह, कमलेश पांडे, रामसेवक पांडे, कृष्ण पांडे, मंडल सचिव कमलापुर दुबे सहित पार्टी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पार्टी की महिला ईकाई की जिलाध्यक्ष सीमा सिंह ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मां विंध्यवासिनी के दरबार में मत्था टेक उन्होंने संगठन की मजबूती, प्रदेश में शांति और जनसेवा के संकल्प के लिए प्रार्थना की। कहा कि विंध्यवासिनी धाम शक्ति और आस्था का केंद्र है। यहां दर्शन-पूजन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। पार्टी का उद्देश्य सामाजिक सरोकारों के साथ धार्मिक मूल्यों को जोड़कर जनसेवा करना है।

## जल शक्ति मंत्री के गृह क्षेत्र में प्रदर्शन

**मीरजापुर।** यूपी के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के गृह क्षेत्र में जल जीवन मिशन से जुड़े हुए कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि को लेकर धरना-प्रदर्शन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें जो राशि प्रदान की जाती है वह इस महंगाई के दौर में अपर्याप्त है। मीरजापुर जिले के नारायणपुर विकासखंड के अदालहाट क्षेत्र स्थित गठौरा कोडिया कला (डब्ल्यू टीपी) ऑफिस पर शुक्रवार को जल जीवन निगम के कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारी वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन 12 घंटे काम लिया जाता है और उन्हें रविवार को भी छुट्टी नहीं दी जाती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें प्रति माह 12,000 रुपये का वेतन मिलता है, जिसमें से किसी न किसी कारण से कुछ पैसे काट लिए जाते हैं। प्रदर्शन की जानकारी होने पर संबंधित विभाग में हड़कंप मचा रहा है। नाराज़ कर्मचारियों को मनाने का क्रम जारी रहा है।

# दो सड़क हादसे में छात्रा समेत दो की मौत

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के गोधना बाईपास पर शुक्रवार दिन के एक बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्रा की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी थाना क्षेत्र के ग्राम भुवालापट्टी गांव निवासी हरिनाथ पटेल की 18 वर्ष की पुत्री ज्योति पटेल सामान लेने के लिए अपनी बाइक से बाजार गई हुई थी। जब वह किशोरी गोधना हाईवे को पार कर रही थी उसी समय एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार जिससे उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल किशोरी को लगभग 2 बजे दिन में जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इसी तरह जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के रायपुर कला गांव में गुरुवार शाम लगभग 7.00 बजे कार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। उक्त गांव निवासी शेषमणि प्रजापति उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र भोनू राम प्रजापति अपने घर के पास सड़क के किनारे खड़े थे इस समय तेज गति से आ रही बिलोनो कार आई और इन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। कार से धक्का लगने से यह हवा में उड़कर कुछ दूर जा गिरे थे। उसी समय घर के लोग दौड़कर उन्हें लेकर कई चिकित्सकों के यहां गए लेकिन चिकित्सकों ने कुछ देर बाद उनके मौत होने की पुष्टि कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के दाहगीरी गांव के पास वैवाहिक कार्यक्रम में सायकिल से गए वृद्ध की संदिग्ध अवस्था में मौत हो जाने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक बक्शा थाना क्षेत्र के बेला पर ग्राम निवासी अमरनाथ यादव गुरुवार को सिकरारा थाना क्षेत्र के देहगीरी गांव वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे सायकिल द्वारा। शुक्रवार भोर में लगभग सुबह 5.00 बजे दाहगीरी गांव के पास सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़े थे। परिजनों ने शव का जानकारी हुई तो घटना स्थल पर पहुंचकर 108 नंबर एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने देखकर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद पुलिस आगे की कार्यवाही करेंगी।

## बदलापुर में महाराणा प्रताप जयंती पर होगा भव्य प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** जिले के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर भव्य प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 9 को शाम 4 बजे नगर पंचायत बदलापुर क्षेत्र में आयोजित होगा। भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है। नगर पंचायत बदलापुर में महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम महाराजगंज रोड, भलुवाही स्थित बदलापुर चौराहे के निकट आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और वीरता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने कहा, "महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, सम्मान और स्वतंत्रता के प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित कर हम नई पीढ़ी को उनके संघर्ष और त्याग से परिचित कराने का कार्य कर रहे हैं। मैं क्षेत्र की जनता से आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।" कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव

**तरूणमित्र न्यूज**

**बक्शा।** थाना क्षेत्र के शुक्रवार को उमरपुर गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह भारी पुलिस बल को मौके पर भेजकर शव को कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सका। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। आशंका है कि भोर में किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है।

लोगों ने यह भी संभावना जताई है कि महिला ट्रेन से गिर गई होगी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल के शवगृह भेज दिया और मामले की जांच कर रही है और मृतका की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

# भाई को हंसिया से प्रहार कर किया घायल

**तरूणमित्र न्यूज**

**केराकत,जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र डेढ़ूवाना गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक पर उसके सगे भाई और भाभी ने हंसिया से हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आई उसकी बहन भी घायल हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि डेढ़ूवाना गांव निवासी राजेश पाल पुत्र सूबेदार पाल 30 वर्ष शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर अपने बड़े भाई राजबहादुर पाल और भाभी अनीता पाल के खिलाफ तहरीर दी। राजेश पाल ने आरोप लगाया कि पारिवारिक विवाद को लेकर उनकी भाई-भाभी से कहासुनी हो रही थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान भाई और भाभी ने लात-घूसों के साथ-साथ हंसिया से उसके सिर पर वार कर दिया।

इससे राजेश पाल के सिर में गंभीर चोट आई। जब उनकी बहन रज्जू पाल बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो उन्हें भी मारा-पीटा गया,जिससे वह भी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने राजेश पाल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित राजेश पाल की तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## द्वारपूजा पर बराती और घराती भिड़े, दस घायल

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** रामपुर थाना क्षेत्र के सिधवन गांव में गुरुवार को एक शादी समारोह के दौरान द्वारपूजा में बाराती और घराती पक्ष के बीच मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब दस लोग घायल हो गए, जबकि दो वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। दूल्हे की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। रामपुर थाना क्षेत्र के जमालापुर (डिहवा) गांव से बारात सिधवन गांव पहुंची थी। जलपान कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा, लेकिन द्वारपूजा के समय किसी बात को लेकर बाराती और घराती पक्ष में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से आपस में भिड़ गए, जिससे शादी समारोह में भगदड़ मच गई। घराती पक्ष के हर्षित मिश्रा (18), ब्रह्मदेव मिश्रा (40), गोली दुबे (60), गणेश मिश्रा (22) और अर्जुन मिश्रा (32) घायल हुए। इनमें से दो से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का उपचार भदोही के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।घटना के बाद शादी समारोह में तनाव का माहौल बन गया। लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद शाखा की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे 18 मई को कर्मचारी पेंशनर्स संघर्ष के मसीहा स्व0 वी 0यन0 सिंह की सत्ताइसवी पूण्य तिथि को पेंशनर्स संघर्ष संकल्प दिवस के रूप मे पेंशनर्स मनायेगे। वैठक मे संगठन के दस सूत्रीय मांग यथा केंद्र सरकार के कर्मचारी पेंशनर्स के वेतन भत्ता पुनरीक्षण के लिए गठित आठवे बेतन आयोग के संकल्प पत्र मे पेंशनर्स के टर्म्स रिफरेन्स को सम्मिलित किए जाने, पेंशन राशिकरण की कटौती दस बर्ष करने,पेंशनर्स की पैसठ वर्ष आयु पूर्ण होने पर पांच प्रतिश मूल पेंशन वढाने के साथ क्रमश:अगले प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत मूल पेंशन मे बृध्दी अस्सी वर्ष की आयु पूर्ण करने तक दिये जाने ,आदि दस सूत्रीय मांग की पूर्ति के लिए मा0प्रधान मन्त्री जी एवं माननीय मुख्य मन्त्रीजी को भजे जाने वाली हस्ताक्षर याचिका की समीक्षा की गई।

## वरिष्ठ पत्रकार व शायर फरहत इरफानी का निधन,परिजन में मायूसी

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** वरिष्ठ पत्रकार के अलावा शायरे अहले बैत (अ.स) अज़ादार हुसैन फरहत इरफानी का इन्तेकाल गुरुवार रात्रि फैज़ाबाद ज़िला अयोध्या में हो गया।उनके जनाजे को उनके आबाई वतन मुफ्ती मोहल्ला जौनपुर पहुंचने पर आस पास के अलावा रिश्तेदार और शुभचिंतको ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। बताया गया है कि शहर के मोहल्ला बेगमगंज सदर इमामबाड़ा स्थित कब्रिस्तान में उन्हें शुक्रवार लगभग 3 बजे तीसरे पहर सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इससे पहले इमामबाड़ा मस्जिद में मजलिस और नमाज़े जनाज़ा इमामे जुमा फैजाबाद जाफर अब्दी ने पढ़ाई। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे लोगों में गौहर जैद, खादिम अब्बास रिजवी, कुमैल अब्बास, अयान हुसैन, जहूर कासिम आदि मौजूद रहे। बता दें मरहूम दशकों पहले जौनपुर अहियापुर मोहल्ला से निकलने वाले समाचार पत्र दैनिक तरुण मित्र के उर्दू संस्करण जवां दोस्त के चीफ एडिटर रहे। वर्तमान समय में वह फैजाबाद में उर्दू इंकलाब अखबार देख रहे थे।

वह वरिष्ठ पत्रकार होने के साथ ही बेहतरीन शायर अदीब भी थे,उन्होंने फक़त उर्दू में ही शायरी नहीं की है बल्कि अंग्रेज़ी और बंगाली ज़बान में भी उन्होंने ने कलाम लिखे हैं। मरहूम के ख़ानदान के अक्सर (लोग)अफ़राद शायर हैं उनके बड़े भाई अलमदार हुसैन कोलकाता, छोटे भाई ज़व्वार हुसैन,इफ्तेक़ार हुसैन राहीब जौनपुरी,बड़े पुत्र हसन आरिफ जाफरी पत्रकार और बेहतरीन फोटोग्राफर हैं, इनके अलावा दो पुत्रों में अली वासिफ, आतिफ हुसैन है। छोटे भाई इफ्तेक़ार राहिब जौनपुरी और भांजे अब्बास ग़दीरी कोलकाता,वहदत जौनपुरी बेहतरीन शायरों में शुमार किये जाते हैं।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायालय पॉक्सो एक्ट उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने सिकरारा थाना क्षेत्र निवासी 9 वर्षीय बालिका को स्कूल में ले जाकर दुष्कर्म करने के दोषी राजकुमार गौतम उर्फ़ कोमल को कोर्ट ने 20 वर्ष की कैद वं 28,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाया। जुर्माना अदा न करने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने जुर्माना की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया। बता दें कि घटना की प्राथमिकी पीड़िता के पिता ने सिकरारा थाने में दर्ज कराया था। वादी के अनुसार घटना 25 मार्च 2024 को 6:30 बजे शाम की है। वादी की 9 वर्षीय पुत्री घर से कुछ दूर बाजार से फ्रूटी लेने गई थी।रास्ते में आरोपी राजकुमार गौतम ने लड़की को दबोच लिया तथा उसका मुंह दबाकर जबरन गोद में उठा कर पास में स्थित एक विद्यालय में ले गया और उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता के परिवार के लोग उसे खोजते हुए स्कूल में गए तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच कराने के बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया और विवेचना कर कोर्ट में केस डायरी दाखिल किया। सरकारी वकील राजेश उपाध्याय व कमलेश राय ने कोर्ट में गवाहों को परीक्षित कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राजकुमार को दोषी पाते हुए सजा सुनाया।

## डिवाइडर और बाइक से टकराकर तीन घायल

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** अलग-अलग स्थान पर डिवाइडर और बाइक से टकराकर तीन लोग घायल हो गए। तीनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है जफराबाद थाना क्षेत्र के ट्रैक्टर पर गांव निवासी सिकंदर राजपूत उम्र लगभग 22 वर्ष कुछ लोग प्रकाश राकेश 21 वर्ष पुत्र सेवालाल चौहान शुक्रवार दोपहर बाइक जा रहे थे इसी दौरान सड़क पर लगे डिवाइडर से टकराकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाए। इसी प्रकार मछली शहर कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी अजय गौतम उमरा 35 वर्ष पुत्र श्याम जी शुक्रवार दोपहर बाइक से सुंदर नगर गांव के पास किसी के हाथ दरवाजा लगाने जा रहा था इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत लेकर जिला अस्पताल पहुंचे यहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## दहेज हत्या में दोषी पति, सास व ससुर को सात वर्ष की कैद

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र प्रताप यादव की अदालत ने लाइन बाजार थाना क्षेत्र के इंदरिया गांव में विवाहिता की दहेज की मांग को लेकर हत्या करने वाले दोषी पति ,सास, ससुर को कोर्ट ने 7 वर्ष की कैद वं प्रत्येक को दस दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाया। बता दें कि घटना की प्राथमिकी पीड़िता के पिता धर्मेंद्र ने लाइन बाजार थाना में दर्ज कराया था कि उसकी लड़की राधा की शादी 2015 में अजीत निवासी ग्राम इंदरिया से हुई थी। पति अजीत, ससुर राधेश्याम व सास शकुंतला दहेज में मोटरसाइकिल व चैन की मांग को लेकर राधा को मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। 22 जुलाई 2020 को 2:00 दिन में फोन आया कि लड़की की हालत ठीक नहीं है।

सिद्धार्थ हॉस्पिटल में भर्ती है। वहां पहुंचे तो पता चला कि जहर देने से राधा की मृत्यु हो गई है।ससुराल वाले वहां से भाग गए थे। दहेज की मांग को लेकर राधा की जहर देकर हत्या की गई थी।पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में केस डायरी दाखिल किया। सरकारी वकील प्रदीप कुमार ने कोर्ट में गवाहों का बयान दर्ज कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पति, सास, ससुर को दोषी पाते हुए सजा सुनाया।

## संक्षिप्त सामाचार

### *क्लीनिक का शटर तोड़ सामान व नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ*

***तरूणमित्र न्यूज***

***केराकत, जौनपुर।*** *स्थानीय क्षेत्र के सरायवीरू ग्राम निवासी शशि सौरभ तिवारी परिवार के भरण-पोषण के लिए अकबरपुर-सेनापुर मार्ग स्थित पूरनपुर गांव के पास एक निजी क्लीनिक संचालित करते हैं। बीती रात हौसलाबुलंद चोरों ने उनकी क्लीनिक को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर अंदर रखा जरूरी सामान व नकदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी सुबह होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि रोज की तरह शशि सौरभ तिवारी बुद्धवार की देर रात क्लीनिक बंद कर घर चले गए थे। देर रात अज्ञात चोर क्लीनिक के बाहर पहुंचे और शटर तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने क्लीनिक में रखा एक इनवर्टर, एक बैटरी, दो कुर्सियां, एक गोल कुर्सी, कुछ दवाइयां तथा काउंटर में रखा लगभग 700 रुपये नकद उठा ले गए। बृहस्पतिवार की सुबह जब भुक्तभोगी क्लीनिक खोलने पहुंचे तो शटर टूटा देख उनके होश उड़ गए।*

*अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और जरूरी उपकरण गायब मिले। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। देखते ही देखते चोरी की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। भुक्तभोगी ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।*

### *नौपेड़वा मण्डल कार्यसमिति की हुई बैठक*

***तरूणमित्र न्यूज***

***बक्शा।*** *ब्लाक के अंतर्गत नौपेड़वा भाजपा मण्डल का राजाराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मण्डल कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुआ। जहाँ पर मुख्य वक्ता राजेश गुप्ता जिलामंत्री ने अपने बातो को सभी कार्यकर्त्ताओ को हर महीने होने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताया जहाँ पर अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष जनार्दन गौड़ ने किया व संचालन मण्डल उपाध्यक्ष देवेश सिंह (कुंदन) ने किया जहाँ पर मुख्य रूप से चंचल सिंह,गणेश सिंह, प्रमिला सिंह, विकास गौतम, रोहित गौड़, अरविन्द तिवारी,धीरज सिंह, आशीष जायसवाल,रायसाहब पासवान, बनारसी निषाद, राजेश गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।*

### *शिक्षा शास्त्र प्रायोगिक परीक्षा 11 को*

***तरूणमित्र न्यूज***

***जौनपुर।*** *मोहम्मद हसन पी जी कॉलेज एम ए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा 11 मई को प्रात: नौ बजे से आरम्भ होगी।*

*उक्त जानकारी देते हुए शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार गुप्त एवं डॉ मुहम्मद आसिफ अंसारी ने बताया कि समस्त परीक्षार्थियों की समय से उपस्थिति अनिवार्य है।*

# गहरे पानी से मिला वृद्ध का शव, सनसनी

**तरूणमित्र न्यूज**

**केराकत,जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र नालापार स्थित नावघाट में एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि नावघाट निवासी 62 वर्षीय बंगाली निषाद बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कुछ लोग उन्हें अपने साथ ले गए। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिवार के लोगों का आरोप है कि वृद्ध के हाथ बांधकर नाव के जरिए उन्हें गहरे पानी में ले जाकर नदी में फेंक दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर केराकत पुलिस सक्रिय हुई और कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के बाद पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर गांव से करीब दो किलोमीटर दूर नदी में पहुंची, जहां गहरे पानी से शव बरामद किया गया। शव बाहर निकाले जाने के दौरान दोनों हाथ बंधे होने की बात सामने आई, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज, हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है। वही इस घटना के बाद पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## मृतक की पत्नी थाने में तहरीर देकर हत्या की जताई थी आशंका

*मृतक की पत्नी हीरामनी ने साहबलाल पुत्र रामसूरत व शंभू पुत्र पतिराज पर पति को अपने साथ ले जाने तथा हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कहा कि मोहल्ले के कई लोगों ने बंगाली निषाद को दोनों आरोपितों के साथ जाते हुए देखा था। पीड़िता ने आशंका जताई कि उनके पति की हत्या कर दी गई है। उन्होंने पुलिस से मामले की गंभीर जांच कर पति को सकुशल बरामद करने तथा आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को उठाई। वहीं पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच में जुटी हुई है।*

## उन्नाव की घटना पर डॉ. रागिनी सोनकर ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** उन्नाव जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर सरोसी गांव में दलित परिवार पर उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है। मछलीशहर से सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने मामला उठाते हुए भाजपा सरकार पर दलितों के खिलाफ अत्याचार का आरोप लगाया है। विधायक ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि उन्नाव जिले के सदर कोतवाली अंतर्गत सिकंदरपुर सरोसी गांव निवासी प्रेम सोनकर के मकान और जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा स्थानीय प्रशासन की कथित मिलीभगत से जबरन कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर पहले पीड़ित प्रेम सोनकर को कोतवाली में बैठा लिया गया, जबकि दूसरी ओर बुलडोजर लेकर उसके घर पहुंचकर कब्जे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। परिजनों के अनुसार, जब घर की महिलाओं ने इसका विरोध किया तो पुलिसकर्मियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई। इस दौरान एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका हाथ टूट गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने इस पूरे मामले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार चरम पर पहुंच गया है और प्रशासन दबंगों के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, "यदि किसी परिवार की जमीन या मकान से जुड़ा विवाद है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, लेकिन प्रशासन की मौजूदगी में गरीब और दलित परिवारों के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। महिलाओं के साथ मारपीट और उत्पीड़न किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है।" विधायक ने उत्तर प्रदेश पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर पीड़ित प्रेम सोनकर और उनके परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर कठोर कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाई गई

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** गुरुवार को आर. एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ज्योति स्वरूप शुक्ल (अपर आयुक्त, राज्य कर (GST), वाराणसी) तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरुण कुमार त्रिपाठी (उप आयुक्त, राज्य कर (तस्ज्ञ), जौनपुर), सतेंद्र कुमार सिंह (उप आयुक्त, राज्य कर (तस्ज्ञ), वाराणसी) एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मोहम्मद ज़ाहिद (Chest Specialist, MBBS, M.D.) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्योति स्वरूप शुक्ल, विशिष्ट अतिथि वरुण कुमार त्रिपाठी, सतेंद्र कुमार सिंह, डॉ. मोहम्मद ज़ाहिद, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पी. के. सिंह एवं संस्थापिका डॉ. शीला सिंह के कर-कमलों द्वारा माँ सरस्वती एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। दीपों की आलोकमयी छटा एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बन उठा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, गुरुदेव टैगोर जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन, समूह गीत, नृत्य एवं विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।



टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि श्री ज्योति स्वरूप शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुदेव टैगोर केवल एक कवि नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा एवं मानवता के अमर प्रतीक थे। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथि श्री वरुण कुमार त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं।

इसी अवसर पर वरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा विद्यालय के लिए उनकी स्वरचित एवं अत्यंत प्रेरणादायी विद्यालय कुलगीत का भव्य अनावरण भी किया गया। कुलगीत के अनावरण का वह ऐतिहासिक क्षण सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए गौरव, हर्ष एवं अमरत्व का प्रतीक बन गया। कुलगीत की प्रत्येक पंक्ति में विद्यालय की गौरवशाली परंपरा, संस्कार, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा झलक रही थी। उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि के साथ इस अनुपम कृति का स्वागत किया।

विद्यालय परिवार ने इसे अपने इतिहास का स्वर्णिम एवं अविस्मरणीय अध्याय बताया। विशिष्ट अतिथि सतेंद्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया, जबकि डॉ. मोहम्मद ज़ाहिद ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पी. के. सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गुरुदेव टैगोर जी के आदर्शों एवं सिद्धांतों के आधार पर ही एक सशक्त एवं संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने गुरुदेव के प्रसिद्ध संदेश "एकला चलो रे" पर विशेष बल देते हुए कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने हेतु व्यक्ति को आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। संस्थापिका डॉ. शीला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "विद्या ही एकमात्र ऐसा धन है, जिसे जितना अधिक बाँटा जाए, वह उतना ही बढ़ता है।" उन्होंने विद्यालय के मूल मंत्र "शिक्षार्थ आइए एवं सेवार्थ जाइए" को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सत्र 2025-26 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी टैगोरियन छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति शिखा सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए सभी को टैगोर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

इस शुभ अवसर पर सम्मानित अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## भागवत कथा में इंद्र का अहंकार तोड़ने व गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

**सिकरारा (जौनपुर)।** खानापट्टी गांव में कमलेश सिंह के आवास पर चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन गुरुवार की देर शाम कथावाचक पंडित मुरारी श्याम पाण्डेय व्यास' जी द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गिरिराज गोवर्धन पूजा का प्रसंग में देवताओं के राजा इंद्र का अहंकार तोड़कर ब्रजवासियों को बचाने और 56 भोग अर्पित करने का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के दौरान ही भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते सुंदर झांकी सजाई गई।

जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की पुन: स्थापना के लिए द्वापर युग में अवतार लिया। उन्होंने बाल्य अवस्था में ही कालिया नाग का मर्दन करके यमुना जी को पवित्र कर पूतना, बकासुर जैसे मायावी शक्तियों का अंत किया। प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उनका गर्व दूर करने के लिए प्रभु ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन जी की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बारिश करा दी।

प्रलय से लोगो को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। मुख्य यजमान कमलेश सिंह व उनकी पत्नी गिरजा सिंह ने आरती उतारकर पूजन अर्चन किया। कथा सुनने वाले श्रोता डा. जोखन सिंह, वेद प्रकाश सिंह, गुलाल सिंह, राजाराम सिंह, अशोक सिंह, सुरेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, मुकेश सिंह, प्रधान पति सुशील सिंह, शरद सिंह, जितेंद्र सिंह जंगली, अनंत सिंह, शिवानंद सिंह, अविनाश सिंह, रणविजय सिंह, सचिन सिंह, अश्वनी सिंह, अभय अंचल सिंह, संजय सिंह, किशन सिंह सहित भारी संख्या में महिलाज पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विश्व रेडक्रास दिवस पर टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जौनपुर के तत्वाधान में क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम में "यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी मानव बंधुत्व" के क्रम में बड़ी संख्या में मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह ने क्षय रोगियों को नियमित दवा के सेवन तथा पोषण पोटली का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभात कुमार ने विश्व रेड क्रॉस दिवस पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल यादव ने क्षय रोगियों को समय से दवा व स्वस्थ पौष्टिक आहार के सेवन करने के लिए प्रेरित किया।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर के सचिव डॉ मनोज वत्स ने कहा कि टीबी अब आसानी से ठीक होने वाला मर्ज है सही समय पर दवा लेने यह क्योर हो जाता है तथा मरीजों स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए टीबी से मुक्त होने के उपाय बताये। बड़ी संख्या में उपस्थित क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुशील अग्रहरि ने किया। इस मौके पर चेयरमैन डीसीएफ धनंजय सिंह, डॉ विमला सिंह ,रवि सिंह, सलिल यादव, प्रकांत दुबे,विद्याधर राय, मनीष चौरसिया, उर्वशी सिंह, संजय सिंह, नितेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र निषाद राजीव यादव नितिन चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं को और अधिक आधुनिक एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के नवनिर्मित एवं सुसज्जित क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को बैंक के अध्यक्ष यादव एस. ठाकुर द्वारा विधिवत रूप से सम्पन्न किया गया। समारोह में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक कपिलेश के. आर., मुख्य प्रबंधक विकास पांडेय, डीडीएम नाबार्ड राम अवध यादव तथा एलडीएम अभय श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में समारोह में शामिल हुए।

अपने संबोधन में अध्यक्ष यादव एस. ठाकुर ने कहा कि, बैंक ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने क्षेत्रीय विकास, वित्तीय समावेशन तथा ग्रामीण बैंकिंग को मजबूत बनाने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उन्होंने नए कार्यालय को आधुनिक एवं ग्राहक-अनुकूल स्वरूप प्रदान करने के लिए पूरी टीम की सराहना की। क्षेत्रीय प्रबंधक कपिलेश के. आर. ने अतिथियों का स्वागत करते हुए क्षेत्र की उपलब्धियों, बैंक की योजनाओं एवं विकासात्मक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं मुख्य प्रबंधक विकास पांडेय ने अध्यक्ष सहित सभी



क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करते अतिथिगण

अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक द्वारा ग्रामीण एवं समावेशी बैंकिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विशाल अस्थाना, राजेश सिंह, सुमित मिश्रा, शिक्षाविद डॉ. ब्रजेश कुमार यदुवंशी समेत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के लगभग तीन दर्जन अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस आयुक्त ने पार्किंग स्थल का किया उद्घाटन

## आमजन, अधिवक्ता, वादकारी और कर्मचारियों को होगी सहूलियत

**तरूणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कचहरी क्षेत्र में लंबे समय से बनी यातायात जाम एवं अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए नवीन पार्किंग स्थल का उद्घाटन शुक्रवार को किया। यह पहल आमजन, अधिवक्तागण, वादकारियों तथा न्यायालय परिसर में प्रतिदिन आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर पार्किंग एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

कचहरी क्षेत्र अत्यधिक व्यस्त होने के कारण सड़क किनारे अनियंत्रित पार्किंग से यातायात प्रभावित होता था तथा लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित विभागों एवं बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया, जिसके



फीता काटकर उद्घाटन करते मोहित अग्रवाल

उपरांत लगभग 1000 दो-पहिया वाहनों की क्षमता वाले इस पार्किंग स्थल को विकसित किया गया। नगर आयुक्त वाराणसी एवं नगर निगम प्रशासन के सहयोग से लगभग एक माह में विकसित इस पार्किंग स्थल के प्रारम्भ होने से यातायात अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित होगा तथा जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी। भविष्य में इसे मल्टीलेवल पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने की योजना भी प्रस्तावित है।

### आवारा पशुओं को पकड़ा गया

**वाराणसी।** वाराणसी जंक्शन स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने खबर जारी कर बताया कि परिसर में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा नगर निगम की टीम के साथ मिलकर स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर एक संयुक्त अभियान चलाया गया जिसमें जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर कुल 6 आवारा पशुओं को पकड़ा गया तथा उन्हें नगर निगम की टीम के सुपुर्द कर दिया गया। आवारा पशुओं के ट्रैक पर आने से कई बार रेल परिचालन प्रभावित होने तथा रेल कॉलोनी में आवारा पशुओं के घूमने से उनके द्वारा छोटे बच्चों - महिलाएं इत्यादि के चोटिल होने की संभावना के चलते इस अभियान को चलाया गया।

# बिना फिटनेस वाले वाहनों का न हो संचालन : राजलिंगम

## कमिश्नर ने मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें सभी स्टेकहोल्डर विभागों के साथ मनोज कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), राघवेंद्र सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी तथा वाराणसी मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त जनपदों के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने गत् 29 दिसम्बर को बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन के साथ ही वाराणसी मंडल में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा की। गत वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों एवं घायल व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक दुर्घटना के कारणों की पृथक-पृथक समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट चिन्हित स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को




निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर कट प्वाइंट्स के निकट रम्बल स्ट्रिप्स, ब्लिंकर एवं आवश्यक संकेतक (साइनेज) लगाए जाएं। साथ ही रोड मर्जर प्वाइंट्स एवं अंडरपास के निकट भी गति नियंत्रण एवं स्पीड कैल्मिंग उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

मंडलायुक्त ने जनपदों के एआरटीओ, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे जनपदों के ब्लैक स्पॉट स्थलों पर 15 दिवस के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र वाले कोई भी स्कूल वाहन संचालित न हों। परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस में अनुत्तीर्ण स्कूल वाहनों की थाना-वार सूची पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी तथा संबंधित पुलिस विभाग द्वारा ऐसे वाहनों के संचालन पाए जाने पर उनकी जब्ती हेतु आवश्यक स्थान एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सरकार द्वारा संचालित हिट एंड रन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पीड़ितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने हेतु सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही प्रत्येक दुर्घटना की जांच कर अज्ञात वाहन से संबंधित प्रकरणों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मंडल के सभी जनपदों में प्रमुख स्थानों एवं चौराहों पर फ्लेक्स लगाए जाने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक गुड सेमेरिटन/राहवीरों की पहचान कर उन्हें अनुग्रह राशि दिलाई जाए तथा उन्हें सम्मानित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग को राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वय स्थापित कर पात्र व्यक्तियों की पहचान, सत्यापन एवं समयबद्ध प्रोत्साहन राशि वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## मैदागिन समेत प्रमुख चौराहों पर लगेगा राहत सिस्टम, तापमान दस डिग्री तक गिरने की संभावना

# राहत सिस्टम से काशी की हवा में घुलेगी ठंडक, करसड़ा में कूड़े के ढेर पर उगेगा 'मियावाकी' जंगल

**वाराणसी।** काशी अब ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के खिलाफ जंग में आधुनिक तकनीक का सहारा लेगी। नगर निगम ने शहरवासियों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए राहत सिस्टम और स्कूलों में कूल रूफ जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है।

नगर निगम सभागार में शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता मे नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थलों और चौराहों (मैदागिन, गोदौलिया, लहुराबीर, वरुणा पुल) पर राहत सिस्टम (मिस्ट गन) लगाने का प्रस्ताव है।

यह नवीन वायुमंडलीय प्रणाली विशेष द्रव को सूक्ष्म कणों में बदलकर वातावरण में फैलाती है, जिससे भीषण गर्मी में तापमान को दस से 12 डिग्री सेल्सियस तक कम किया जा सकता है। गौशालाओं में इसे लगाने का काम शुरू भी हो चुका है। इसके साथ ही, मैदागिन में पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए अस्सी की भांति मैदागिन में भी मल्टीलेवल पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है । इस क्रम में 100 वाहनों के लिए



नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए

मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। इस पार्किंग से मैदागिन पर लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिलेगी। बताया कि करसड़ा में एक दशक से जमा 12.64 लाख मीट्रिक टन कूड़े को साफ कर वहां 25 एकड़ में जापानी तकनीक से सघन जंगल विकसित करने की योजना है।इसके अलावा कचहरी स्थित आंबेडकर चौराहा, लहुराबीर, लंका, मैदागिन, तेलियाबाग सहित शहर के 15 चौराहे व तिराहे के सुंदरीकरण की योजना बनाई है । वहीं चरणबद्ध तरीके से शहर के सभी 276 पार्कों का भी कायाकल्प कराने का प्रस्ताव है।

**फ्लाईओवर के नीचे बनेगा पर्यटन हब**

उन्होंने बताया कि लहरतारा-चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे का क्षेत्र अब अतिक्रमण नहीं बल्कि खूबसूरती के लिए जाना जाएगा। 13 करोड़ की लागत से यहां पाथ-वे, हरियाली और डॉरमेट्री का निर्माण आठ से नौ माह में पूरा कराने का लक्ष्य है। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि 150 नए वाहनों की मदद से अब शहर के सभी वार्डों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जा रहा है।

**कूड़े के पहाड़ पर लहलहाएगा जंगल**

करसड़ा स्थित डंपिंग ग्राउंड अब अभिशाप नहीं, बल्कि शहर का फेफड़ा बनेगा। 53.15 करोड़ रुपये की लागत से पिछले एक दशक से जमा 12.64 लाख मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके (बायोमाइनिंग) से निस्तारण किया जाएगा। कचरा साफ होने के बाद खाली हुई 25 एकड़ जमीन पर जापानी तकनीक मियावाकी से सघन जंगल विकसित किया जाएगा।

**ठंडी होंगी सरकारी स्कूलों की छतें**

निगम ने स्कूलों और मलीन बस्तियों को गर्मी से बचाने के लिए कूल रूफ कोटिंग का निर्णय लिया है। जेपी मेहता इंटर कॉलेज से शुरू हुई इस योजना को 100 विद्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा। यह विशेष रिफ्लेक्टिव पेंट सूर्य की किरणों को परावर्तित कर छतों को ठंडा रखेगा।

# नागरिक 21 मई तक ऑनलाइन 33 सवालों के जवाब देकर कर सकते है स्व-गणना

## टैक्स सॉफ्टवेयर में हुआ बदलाव, ऑफलाइन पर 10 तो ऑनलाइन जमा करने पर 12 प्रतिशत मिलेगी छूट

**वाराणसी।** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टैक्स सॉफ्टवेयर में बदलाव कर लिया हैं। ऐसे में अब गृहकर, जलकर व सीवर कर जमा करने वाले भवन स्वामियों को दस प्रतिशत की छूट मिलेगी। ऑनलाइन भुगतान करने पर दो प्रतिशत की अतिरिक्त छूट के साथ कुल 12 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। वहीं पहली बार स्वतंत्रता सेनानियों और पद्म पुरस्कार विजेताओं को भी टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

नगर निगम सभागार में शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता यह जानकारी नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने दी ।उन्होंने बताया कि दृष्टिहीन और 80 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले भवन स्वामियों का टैक्स पूरी तरह माफ कर




दिया है। हालांकि, इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र निगम कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के 2.33 लाख भवन स्वामियों को 15 जुलाई तक टैक्स जमा छूट का लाभ उठा सकते है । एक सवाल के जवाब में नगर आयुक्त ने कहा कि जिन लोगों ने चालू वित्तीय वर्ष का टैक्स पहले ही जमा कर दिया है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। उनकी छूट की बढ़ी हुई राशि का समायोजन अगले वित्तीय वर्ष के बिल में कर दिया जाएगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण और डिजिटल जनगणना-2026 का कार्य चल रहा है। नागरिक 21 मई तक https://se.census.gov.in पर जाकर 33 सवालों के जवाब देकर अपनी स्व-गणना कर सकते हैं।जवाब देने के बाद एक 11 अंकों की एसई-आईडी जेनरेट होगी। 22 मई से जब प्रगणक घर-घर आएंगे, तो नागरिकों को केवल यह आईडी दिखानी होगी, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण में फीडबैक देकर काशी की रैंकिंग सुधारने की भी अपील की।




### शांति भंग की आशंका में चार गिरफ्तार

**बरसठी।** जौनपुर जनपद जौनपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बरसठी पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जौनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, थाना बरसठी क्षेत्र स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में शांति भंग होने की आशंका के मद्देनज़र चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत चालान कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में प्रवेश कुमार कनौजिया पुत्र हिटलाल कनौजिया, निवासी ग्राम बरसठी, थाना बरसठी, शनि मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा, निवासी ग्राम कस्तूरीपुर, थाना सुरियावां, जनपद भदोही, पंकज सरोज पुत्र राजेंद्र प्रसाद, निवासी ग्राम नेता नगर, थाना सुरियावां, जनपद भदोही, उम्र लगभग 20 वर्ष, सचिन कनौजिया पुत्र शिव कुमार कनौजिया, निवासी ग्राम बेला, थाना सुरियावां, जनपद भदोही, उम्र लगभग 20 वर्ष है।

### रेलवे के किनारे मिला शव, सनसनी

**जंघई।** क्षेत्र के भोगीपुर सेमरी गांव के पास शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी मच गयी कन्ट्रोल की सूचना पर पहुंची जीआरपी टीम ने शव को कब्जे में लेकर पहचान मोर्चरी मे ऱखवा दिया है। संभावना जताई जा रही है की अधेड की मौत किसी ट्रेन से गिरने से हुई है। जंघई प्रयागराज रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन के पश्चीम तरह भोगीपुर सेमरी गांव के पास सुबह एक अधेड का शव मिलने पर सनसनी फैल गयी अधेड़ ब्राउन शर्ट और काला पैन्ट पहने हुआ है उसकी जेब शिनाख्त के लिए कोई चीज नही मिलने से उसकी पहचान नही हो पाई कन्ट्रोल की सूचना पर जीआरपी जंघई चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार गुप्ता मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी ज्ञानपुर में रख कर शव की पहचान कराने के लिए सोशलमीडिया का सहारा ले रहे है। जंघई जीआरपी इंचार्ज प्रमोद कुमार गुप्ता का कहना है की मृतक के शव की पहचान नही हो पाई है उसकी मौत ट्रेन से गिरकर होने की संभावना जताई जा रही है मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे खुलासा होने पर अगली कार्यवाही की जायेगी फिलहाल पहचान के लिए शव 72 घंटे तक मोर्चरी में रखा गया है।

# पब्लिक एप के नाम पर आया संदिग्ध कॉल, सतर्कता से बचा फ्रॉड

**शाहगंज/जौनपुर।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच मंगलवार को मेरे साथ भी एक संदिग्ध घटना घटी, जिसने डिजिटल सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए। एक अनजान नंबर से मेरे मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम निधि बताते हुए कहा कि वह पब्लिक एप से बोल रही है। महिला ने मुझसे पूछा कि क्या मैं पब्लिक एप पर वीडियो अपलोड करता हूं। मेरे 'हां' कहने पर उसने अगला सवाल किया कि क्या मैं अपने खुद के यूट्यूब चैनल के वीडियो भी वहां अपलोड करता हूं। इस पर भी मैंने हां में जवाब दिया।



इसके बाद महिला ने मुझसे मेरे यूट्यूब चैनल का लिंक उपलब्ध कराने को कहा। उसने कहा कि वह मेरे चैनल को पब्लिक एप से लिंक कर देगी, जिससे मेरे वीडियो पर ज्यादा व्यूज आएंगे और सब्सक्राइबर भी तेजी से बढ़ेंगे।

शुरुआत में यह बातचीत सामान्य लगी, लेकिन जैसे ही उसने चैनल लिंक साझा करने का दबाव बनाया, मुझे मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। साइबर ठगी की लगातार सामने आ रही घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने सतर्कता दिखाई और बिना कोई जानकारी साझा किए तुरंत उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। इस घटना के बाद मन में यह सवाल उठा कि कहीं यह साइबर फ्रॉड का कोई नया तरीका तो नहीं, जिसमें लोगों को व्यूज और सब्सक्राइबर बढ़ाने का लालच देकर उनकी डिजिटल जानकारी हासिल करने की कोशिश की जाती हो।

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी अनजान कॉलर को अपने सोशल मीडिया या यूट्यूब चैनल की जानकारी देने से पहले उसकी आधिकारिक पहचान की पुष्टि अवश्य करनी चाहिए।

थोड़ी सी लापरवाही डिजिटल सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। मेरी सभी कंटेंट क्रिएटर्स और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील है कि इस तरह के संदिग्ध कॉल्स से सतर्क रहें और किसी भी लालच में आकर अपनी जानकारी साझा न करें। समय रहते दिखाई गई सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

# 20 मई को खुली रहेगी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की दुकानें

**शाहगंज।** जौनपुरल फार्मा वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर के जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण जायसवाल ने सूचित किया है कि कुछ संस्थाओं द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए 20 मई को भारत बंद का आह्वान किया गया है परंतु हमारे संस्था केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश ने फार्मा व्यवसाय से जुड़े हुए सभी बंधुओ को ध्यान रखते हुए एवं मरीजों की परेशानी को देखते हुए,घोषणा किया है कि हम सभी व्यापारी इस 20 तारीख की बंद में सहयोग नहीं करेंगे



और जौनपुर जिले के सभी दवा व्यवसायियों से अनुरोध किया है कि अपना प्रतिष्ठान खुला रखेंगे।

# ईरान-भारत रिश्तों की मिसाल बना जौनपुर, शिया कॉलेज में दिखा गंगा-जमुनी संगम

**जौनपुर।** नगर के शिया कॉलेज जौनपुर में आयोजित मजलिस ने इस बार केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रहकर सामाजिक एकता, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और इंसानियत का बड़ा संदेश दिया। गुरुवार की रात ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली ख़ामेनई की मजलिस में उस समय विशेष महत्व जुड़ गया, जब ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली ख़ामेनई के प्रतिनिधि आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने शिरकत कर संबोधित किया।

आयतुल्लाह डॉ. हकीम इलाही ने कहा कि जौनपुर की सरज़मीन पर आकर उन्हें एक अलग ही अपनापन महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि यहां की तहज़ीब, इल्म की परंपरा और गंगा-जमुनी संस्कृति पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

उन्होंने भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक रिश्ते बहुत गहरे हैं। हमारी कोशिश है कि यह रिश्ता और मजबूत हो, ताकि दुनिया को यह संदेश जाए कि अलग-अलग मजहब और मुल्क होने के बावजूद इंसानियत सबसे ऊपर है। ईरान और हिंदुस्तान का रिश्ता किसी एक दौर का मोहताज नहीं है, बल्कि यह सदियों पुराना रिश्ता है जो दिलों, मोहब्बत और साझा विरासत से जुड़ा हुआ है। जब-जब मुश्किल वक्त आया, दोनों देशों की अवाम ने एक-दूसरे के लिए हमदर्दी और समर्थन दिखाया है। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया जिन हालात से गुजर रही है, उसमें नफरत, टकराव और बंटवारे की सियासत बढ़ रही है, लेकिन जौनपुर जैसे शहर यह साबित करते हैं कि इंसानियत और भाईचारा अभी भी जिंदा है। यहां हिन्दू और मुसलमान सिर्फ साथ नहीं रहते, बल्कि एक-दूसरे के दुख-सुख में शरीक होते हैं। यही असली ताकत है किसी भी समाज की।

# 'खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों से पद्म पुरस्कारों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित'

**जौनपुर।** क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2027 को खेल से संबंधित क्षेत्र में ख्याति प्राप्त महानुभावों जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व ओलम्पिक, विश्व चैम्पियनशिप, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगितायें, राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपलब्धियां अर्जित की हों तथा खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया हों, पद्म पुरस्कारों '(पद्म विभूषण/पद्म भूषण/पद्मश्री)' के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक महानुभाव अपने व्यक्तित्व एवं कृतिव्य के सम्बन्ध में साईटेशन निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन '25 मई, 2026' तक जिला खेल कार्यालय, जौनपुर (इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर) अथवा 28 मई, 2026 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, वाराणसी (डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा) में प्रमाण पत्रों सहित उपलब्ध करा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं साइटेशन का प्रारूप जौनपुर अथवा वाराणसी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# नए डीएम से मिले माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी, शिक्षा व्यवस्था को लेकर हुई अहम चर्चा

**जौनपुर।** जनपद के नवागत जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. से शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवं प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों ने बुके एवं शाल भेंट कर जिलाधिकारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा माध्यमिक शिक्षकों और विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह ने कहा कि जौनपुर शिक्षा और संस्कार की भूमि रही है। यहां के शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए जिलाधिकारी के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी और विद्यालयों की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

वहीं रमेश सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से बेहद सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित कई प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी मुद्दों को गंभीरता से जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया, जिस पर उन्होंने संवेदनशीलता दिखाई।

रमेश सिंह ने कहा, शिक्षक समाज केवल पढ़ाने का काम नहीं करता बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान होना बेहद जरूरी है। नवागत जिलाधिकारी ने जिस गंभीरता से हमारी बात सुनी है, उससे शिक्षक समाज में एक सकारात्मक उम्मीद जगी है।

उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण, संसाधनों की उपलब्धता और शिक्षकों के सम्मान से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सपना साकार हो सकता है। शिक्षक संगठन हमेशा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रशासन का सहयोग करता रहेगा।

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from ASHUTOSH KUMAR AGARWAL, to ASHUTOSH AGARWAL. In the future, I shall be known and recognized by the name ASHUTOSH AGARWAL.

Ashutosh Agarwal S/o Atma Ram Agarwal 145-B FORT ROAD, RIZAVI KHAN, Sri saree Center, JAUNPUR 222001

**सूचना :** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2020 का अंक प्रमाण पत्र सह अंकपत्र, अनुक्रमांक 2276225 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 का अंक प्रमाण पत्र सह अंकपत्र कहीं खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी उक्त अभिलेख प्राप्त नहीं हो सके हैं।

नाम- अनिश मौर्या पुत्र राम प्यारे मौर्या माता रेखा देवी ग्राम- मूकुरीपुर, चन्दवक, केराकत, जौनपुर



# निर्माणाधीन 0/बी रेलवे ओवरब्रिज का डीएम ने किया निरीक्षण

## गुणवत्ता और समय सीमा पर पूर्ण करने हेतु दिए सख्त निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज़**

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित बाल निकेतन के पास रेलवे संपार संख्या 0/बी निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था और अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



डीएम ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ चलायमान वैकल्पिक रास्तों का निर्माण तत्काल कराया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरी तरह मानक अनुरूप एवं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। गौरतलब है कि बाल निकेतन के पास इंदारा-मऊ रेलवे खंड के मध्य रेलवे संपार संख्या 0/बी पर 4 लेन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण सेतु निगम एवं रेलवे विभाग द्वारा कराया जा रहा है। 99.63 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना को 9 सितंबर 2023 को स्वीकृति मिली थी। निर्माण कार्य 15 मार्च 2024 से शुरू हुआ और इसकी पूर्णता की अंतिम तिथि 30 जून 2027 निर्धारित है। वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 55 प्रतिशत बताई गई है।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मरीजों की सुविधाओं का रखें विशेष ख्याल, उपलब्ध कराएं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा: जिलाधिकारी

## जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन द्वारा षुक्रवार को अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी, प्रसूति वार्ड सहित समस्त वार्डों तथा भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता एवं चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए तथा चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहकर मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने को कहा। उन्होंने मरीजों के साथ विशेष ख्याल रखने के साथ ही साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपले उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। चिकित्सकों के कमी के दृष्टिगत उन्होंने यथाशीघ्र आवश्यकता अनुसार भर्ती करने अथवा शासन में डिमांड भेजने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जिला अस्पताल के वे हिस्से, खिडिकयां एवं दरवाजे जो जर्जर हो गए हैं, उनके उनकी शीघ्र ही मरम्मत कराने के भी निर्देश जिला अधिकारी द्वारा दिए गए।

साफ सफाई को लेकर उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि गुणवत्ता युक्त नियमित साफ-सफाई अस्पताल में सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवा वितरण व्यवस्था, चिकित्सकीय उपकरणों की कार्यशीलता तथा पेयजल एवं शौचालयों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर फ्रॉड के विभिन्न मामलों में 07 पीड़ितों को 125247 रुपये कराए गए वापस




**तरुणमित्र न्यूज़**

**मऊ।** जनपद पुलिस द्वारा षुक्रवार को साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानों की साइबर पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए 07 पीडितों की धनराशि वापस कराई गई। विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त साइबर फ्रॉड की शिकायतों के आधार पर साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं साइबर पोर्टल पर तत्काल कार्रवाई की गई। कार्यवाही के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों से कुल 07 पीडितों की कुल धनराशि 125247 रुपये वापस कराई गई। जिसमें क्रमश:थाना कोतवाली नगर से 02 पीडितों को 38700 रुपये, थाना कोपागंज से 01 पीडित को 36150 रुपये, थाना मुहम्मदाबाद से 01 पीडित को 21000 रुपये, थाना दक्षिण टोला से 01 पीडित को 11000 रुपये, थाना घोसी से 01 पीडित को 10000 रुपये व थाना हलधरपुर से 01 पीडित को 8397 रुपये उनके खाते में वापस कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा ओटीपी साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# पुलिसकर्मियों को दी गई दंगा नियंत्रण उपकरणों की जानकारी

**तरुणमित्र न्यूज़**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर द्वारा षुक्रवार को विषम परिस्थितियों के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को बलवाइयों अराजकतत्वों से निपटने के लिए एंटी रायट ड्रिल व दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन, जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रहें।



तत्पश्चात् समस्त पुलिस कर्मियों को अराजक तत्वों व उपद्रवियों से निपटने के लिए बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया।

शस्त्र प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया तथा दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिक्स का क्रमवार अभ्यास कराया गया।

अभ्यास के दौरान एसपी द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया तदोपरान्त फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि ड्यूटी के दौरान सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी के दौरान दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेगें ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे।

# न्यायालय के हस्तक्षेप पर मृतक किसान के आश्रितों को मिलेगा पांच लाख

## एक अन्य मामले में किसान को मिला केसीसी योजना का लाभ

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** न्यायालय स्थाई लोक अदालत के आदेश पर मृतक किसान नंदलाल राजभर के आश्रितों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पांच लाख रूपये की धनराशि मिलेगा। मृतक किसान नंदलाल थाना सरायलखंसी के बुढावे के निवासी पोखरे में डुबने उनकी मौत हो गई। किसान की पत्नी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत लाभ पाने का आवेदन किया।

लेकिन विसरा रिपोर्ट की कमी बताकर लेखपाल द्वारा किसान की विधवा महीनों तहसील पर दौड़ाता रहा। इस बात से दुखी होकर किसान की पत्नी ने स्थायी लोक अदालत में वाद दायर किया। प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए न्यायाधीश हीरा लाल व न्यायपीठ के सदस्य विकास भाई निकुम्भ व अभिषेक गौरव ने सीएमओ व थाना प्रभारी कोपागंज को नोटिस जारी कर विसरा रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल करने का आदेश दिया। जब न्यायालय में रिपोर्ट आया तो स्पष्ट था कि मृतक के शरीर मे कोई रासायनिक विष नही पाया गया। इस आधार पर मृतक किसान की पत्नी योजना का लाभ पाने के लिए पात्र मानी गई और जिला प्रशासन द्वारा भी भुगतान करने पर अपनी सहमति प्रदान कर दिया है।

वही दूसरे मामले में यूनियन बैंक के शाखा सरवा द्वारा किसान को यह कहते हुवे केसीसी देने से मना के दिया कि आपके गांव में चकबंदी चल रही है और आपके गांव के जमीनों का डाटा ऑनलाइन नही दिखा रहा है। किसान द्वारा स्थायी लोक अदालत में यशवंत बनाम यूबीआई के नाम से वाद दायर किया जिसे न्यायपीठ ने कहा कि किसी को इस आधार पर सरकार की महवपूर्ण योजना से वंचित नही किया जा सकता कि उसके जमीन का डाटा ऑनलाइन नही दिखा रहा है। किसान के गांव में चकबंदी चल रही है जिसके कारण डाटा ऑनलाइन नही दिखा रहा इसमें किसान का कोई दोष नही है, लिहाजा किसान को उसका हक मिलना चाहिए।

इसके उपरांत बैक ने किसान को किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ प्रदान किया।

# संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना हेतु करें आवेदन

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** सहायक आयुक्त उद्योग हथकरघा अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित कर हथकरघा उद्योग को बढावा देनें के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना वर्ष 2026-27 संचालित की जा रही है। बुनकरों को प्रोत्साहित करनें हेतु परिक्षेत्रीय मऊ, आजमगढ, बलिया, गाजीपुर के हथकरघा बुनकर को प्रथम पुरस्कार रू0 20 हजार द्वितीय पुरस्कार रू0 15 हजार एवं तृतीय पुरस्कार रू0 10 हजार नगद एवं शील्ड, प्रमाण-पत्र तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

परिक्षेत्र स्तर पर चयन किये गये हथकरघा बुनकरों को राज्य स्तर पर चयन होनें पर प्रथम पुरस्कार रू0 01 लाख द्वितीय पुरस्कार रू0 50 हजार एवं तृतीय पुरस्कार रू0 25 हजार नगद एवं शील्ड, प्रमाण-पत्र तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हथकरघा पर बुनाई का कार्य कर रहे व्यक्तिगत बुनकर, हथकरघा सहकारी समिति के सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्य बुनकर द्वारा उनके उत्कृष्ट एवं कलात्मक नमूनें जैसे हथकरघा पर उत्पादित वस्त्र पूर्ण साईज में सम्पूर्ण विवरण जैसे वार्प, वेफ्ट, रंग, डिजाइन तथा उनका तकनीकी विवरण सहित सैम्पल आवेदन-पत्र सहायक आयुक्त, उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग के कार्यालय में आनलाईन पोर्टल के माध्यम से 15 जून तक जमा कर सकते है। पुरस्कार हेतु सैम्पल का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

## संक्षिप्त सामाचार

### *विशेष चेकिंग अभियान में 38 दो पहिया वाहन का कटा ई चालान*

***तरुणमित्र न्यूज़***

*__मुहम्मदाबाद गोहना ( मऊ )।__ पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के आदेश के क्रम में गुरुवार रात्रि विशेष चेकिंग अभियान के क्रम में पुलिस ने अलग-अलग स्थान पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच किया जांच के दौरान ज्यादातर वाहन चालकों द्वारा गाड़ी का कागजात एवं ओवरलोडिंग का उल्लंघन करने के मामले में 38 बाइक का ई-चालान किया गया पुलिस उपाधीक्षक शीतला प्रसाद पांडे कोतवाल कमलकांत वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने वलीदपुर जीयनपुर मार्ग पर संदिग्ध लोगों एवं चार पहिया वाहन तथा बाइक की जांच की जांच के दौरान ज्यादातर वाहन चालकों द्वारा कागजात एवं ओवरलोडिंग का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने वाहनों का चालान किया है। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मधुसूदन चौरसिया, क्राइम इंस्पेक्टर राजीव कुमार यादव, उप निरीक्षक मिथिलेश कुमार, अरविंद कुमार यादव, आदर्श दुबे, वैभव कुमार पांडे, अनिल सिंह, विकास कुमार, लक्ष्मण प्रसाद उपाध्याय, जितेश कुमार एवं महिला उप निरीक्षक, महिला कांस्टेबल अलग-अलग क्षेत्र में तैनात रहे।*

### *राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा आज*

***तरुणमित्र न्यूज़***

*__मऊ।__ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 मई दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से 05 बजे तक दीवानी न्यायालय के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ मध्यस्थता मामलों हेतु आरबिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम, पारिवारिक वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान, तिम आख्या मोबाईल एवं केबल नेटवर्क संबंधित प्रकरण, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, आरटीओ चालान, व अन्य, वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।*

### *महाराणा प्रताप के जयंती पर राज्य स्तरीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता आज*

***तरुणमित्र न्यूज़***

*__इंदारा ( मऊ )।__ कोपागंज विकास खंड के इंदारा गांव के सिंह द्वार के पास हर साल की भांति इस वर्ष भी 9 मई को महाराणा प्रताप के जयंती के शुभ अवसर पर महाराणा प्रताप चेतक राज्य स्तरीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें बिहार, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया, जौनपुर, आजमगढ़, बनारस, गाजीपुर, बलिया आदि जिले से सैकड़ों घोड़े इस प्रतियोगिता में भाग लेने आ रहे हैं। इस प्रतियोगिता में पट्ठा घोड़ा दौड़, दो दांत घोड़ा दौड़ व नाकन्द घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता है। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक महेंद्र सिंह गोलू ने दिया है।*

# कोर्ट के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तरुणमित्र न्यूज़**

**मर्यादपुर ( मऊ )।** मधुबन थाना क्षेत्र के तिघरा में जमीन का खुश्की बैनामा करने बाद भी जमीन न लिखने एवं दरवाजा पर जाकर मां बहन की भद्दी भद्दी गालिया देते हुए घर में घुस कर लाठी डंडा और रॉड से मार कर पति पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में मधुबन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कुल नौ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अजय कुमार पुत्र स्व जियुत का आरोप था कि गांव के अशोक कुमार नामक व्यक्ति बतौर कर्ज कुछ पैसा लिया था जिस के एवज में अशोक ने मेरे घर के सामने अपनी जमीन को खुश्की बैनामा कर दिया था। उसके कुछ दिन बाद अशोक की मौत हो गई तो पत्नी लता जमीन देने से कतराने लगी तथा पति द्वारा लिया गया पैसा भी वापस नहीं कर रही थी। उस जमीन का किसी अन्य व्यक्ति से सौदा कर लिया।

इस सदमे को लेकर मेरे पिता की मौत हो गई। बीते 20 मार्च की सुबह आठ बजे अपने पिता के मृतभोज की तैयारी में लगा था कि उसी दौरान संतोष, राकेश, सरोज देवी दरवाजे पर आकर मां बहन की गालिया देने लगे। जब मेरी पत्नी ने गाली देने से मना किया तो उपरोक्त लोग पत्नी को लात घुसा से मारने लगे। इतने में हरिप्रिंस, अमन, गोलू, ममता, गुड़िया और हरिकेश हाथों में लाठी डंडा और रॉड लेकर आए मारने के लिए दौड़ा लिए। जब वह अपनी पत्नी को लेकर घर के अंदर घुसा तो उपरोक्त लोग घर के अंदर घुस कर जान से मारने की नियत से हम पति पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

इस मामले में न्यायालय के आदेश पर मधुबन पुलिस ने उपरोक्त सभी नौ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# वेदांत डेविल्स टूर्नामेंट से हुई बाहर

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** नगर के सहादतपुरा स्थित ग्राउंड पर वेदांत प्रीमियर लीग में गुरुवार को वेदांत डेविल्स और वेदांत नाईट राइडर्स के बीच करो या मरो का मुकाबला खेला गया जिसमें वेदांत नाइट राइडर्स की टीम के कप्तान प्रवीण चौरसिया ने टॉस जीतकर वेदांत डेविल्स की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और वेदांत नाईट राइडर्स ने धारदार गेंदबाजी करते हुए 97 रनों पर ऑल आउट करके टूर्नामेंट में बने रहने के उम्मीद को तोड दिया। वेदांत डेविल्स की तरफ से सत्यम पाण्डेय 22, श्रेयांश यादव 10, सलमान साह 14, आर्यन चौरसिया बना सके। गेंदबाजी में राज कन्नौजिया 02, उत्सव, राजवीर व प्रवीण को 1-1 विकेट मिला। 98 रन के लिए बैटिंग करने उतरी वेदांत नाइट राइडर्स की टीम की शुरुआत ठोस रही उत्सव चौहान 33, अथर्व चतुर्वेदी 23 और कप्तान प्रवीण चौरसिया 11 रन के बदौलत 13.3 ओवर में ही 98 रन बना के मैच को 6 विकेट से मैच को जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वेदांत डेविल्स की तरफ आर्यन चौरसिया 02, राजवीर सिंह को 01 विकेट मिला। मैच के अंपायर जियाउर्रहमान और आर्यन प्रजापति रहे स्कोरिंग रोहित ने किया। मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बैट्समैन ऑफ द मैच उत्सव चौहान, बेस्ट बॉलर ऑफ द मैच अनंत सिंह, बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच आर्यन चौरसिया रहे।

# गविष्ठि यात्रा के दौरान स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का किया गया भाव्य स्वागत

## धर्म जीवन जीने की कला व जाति एक दूसरे जाति सहयोग के लिए है: स्वामी जी

**तरुणमित्र न्यूज़**

**मर्यादपुर ( मऊ )।** मधुबन नगर पंचायत स्थित शहीद स्मार्क पर शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे गविष्ठि ( गोट्ठरक्षाट्ठधर्म युद्ध) यात्रा के दौरान परमाध्यक्ष परमधर्माधीश ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भाब्य स्वागत किया गया। ज्योतिमठ के शंकराचार्य ने 3 मई को गोरखपुर जिला मुख्यालय से 81 दिनों की गोविष्टि अभियान यात्रा शुरू किया है यात्रा के माध्यम से गौ रक्षा, सनातन धर्म और सामाजिक जागरूकता को लेकर लोगों से संवाद स्थापित करेंगे।



स्वामी जी स्वागत समारोह में जुटे लोग।

शुक्रवार को उन का काफिला मधुबन शहीद स्मार्क पर पहुंचा जहा उन्होंने अपने संबोधन में गौ रक्षा और धर्म पर बोलते हुए कहा की जैसे गया का खून और दूध एक पात्र में नहीं रह सकता उसी तरह गौ माता की हत्या करने वाला और गौ माता की रक्षा करने वाले गौ सेवकों की विचार धारा साथ साथ नहीं चल सकती है।

उन्होंने ने समाज में बढ़ती वैचारिक विभाजन की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा की एक वर्ग गौ सेवा को धर्म मानता है तो दूसरा वर्ग सिर्फ स्वार्थ पर केंद्रित है। धर्म जीवन जीने की कला है जाति एक दूसरे जाति सहयोग के लिए है। राजनैतिक लोग हिंदू धर्म पर प्रहार कर रहे है। उन्होंने ने उपस्थित लोगों से अपील किया की इसे राजनैतिक लोगो का सहयोग करिए जो गौ रक्षा की पक्ष में कदम उठाने की प्रतिबद्धता रहो।

इस अवसर पिंटू चौरसिया, रिंकू मल्ल, दिनेश, पवन कुमार पांडे सहित तमाम सामाजिक एवं धार्मिक भावना रखने वाले लोग मौजूद रहे।







संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# मंगेतर की हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद

## डेढ़ लाख रूपये का कोर्ट ने लगाया जुर्माना




**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने दोषी मंगेतर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने जुर्माना की आधी राशि मृतका के माता पिता को देने का आदेश दिया है।

यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक कमलापति ने शुक्रवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी पूजा निवासी पुरखीपुर थाना अतरौलिया की चचेरी ननद खुशबू का विवाह तय हो चुका था। तिलक का कार्यक्रम भी हो चुका था, खुशबू को उसके होने वाले पति देवानंद उर्फ गोलू निवासी धनेज पांडेय (पड़ौली) थाना अहिरौला ने चार अगस्त 2021 को फोन कर के मिलने के लिए बुलाया। देवानंद के बुलाने पर खुशबू अपनी भाभी वादिनी पूजा के साथ लगभग शाम पांच बजे शाहपुर पहुंची। वहां से देवानंद उर्फ गोलू दोनों को लेकर गोपाली पट्टी नहर पुलिया थाना अतरौलिया के पास पहुंचा। वहां पर देवानंद और खुशबू आपस में बात करने लगे और पूजा थोड़ी दूर पर खड़ी हो गई। बातचीत के दौरान ही देवानंद खुशबू के गले पर चाकू से हमला कर दिया। बुरी तरह से घायल खुशबू की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद दोषी के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल पांडेय तथा संजीव कुमार सिंह ने कुल आठ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी देवानंद उर्फ गोलू को आजीवन कारावास तथा डेढ़ लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## डीएम पर आपत्तिजनक बयान केस की सुनवाई पूरी

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में सुनाई गई सजा को बढ़ाने की अपील पर सोमवार को बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख तय की है। सपा नेता अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों आजम खान और अब्दुल्ला आजम को 7-7 साल की कैद व 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। दो पैन कार्ड मामले में बचाव पक्ष ने मजिस्ट्रेट कोर्ट की सजा के खिलाफ और अभियोजन पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दाखिल अर्जी के खिलाफ MP-MLA सेशन कोर्ट में अपील दायर की है। इस मामले में MP-MLA सेशन कोर्ट की ओर से सुनवाई की गई। ADGC सीमा राणा एवं अभियोजन अधिकारी स्वदेश शर्मा ने बताया कि MP-MLA सेशन कोर्ट में आजम और अब्दुल्ला की सजा बढ़ाने सजा के मामले में दायर अपील पर बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया।

## फलों के उत्पादन से किसानों की होगी वृद्धि

**गाजीपुर।** आबकारी नीति 2026-27 में एक नया प्राविधान विशेष रूप से जोड़ा गया है, जो कि फलों से बनी वाइन को प्रमोट करने के लिए किया गया है। ऐसी वाइन की दुकानों पर फलों से बनी वाइन के साथ साथ फलों से बने अचार व मुरब्बा भी बेचा जायेगा। पैसा करने से फलों के उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। किसानों की आय वृद्धि करने हेतु फलों से बने उत्पाद को विशेष महत्व दिया जा रहा है। ऐसी वाइन की केवल दो दुकानें प्रत्येक जिले में खोली जा सकेंगी। इन वाइन की दुकानों पर सीधे विनटनरी / वाइन निर्माणकर्ता इकाई से सीधे इन दुकानों पर वाइन आयेगी। जनपद गाजीपुर में ऐसी दो दुकाने खोली जा रही है। एक मुहम्मदाबाद तहसील मुख्यालय पर तथा दूसरी सदर गाजीपुर मुख्यालय पर खोली जा रही है। इनकी शुरूआती कीमत 150 रू0 होगी। 07.05.2026 को उ0प्र0 सरकार की आबकारी नीति के अनुपालन में जिलाधिकारी द्वारा जनपद गाजीपुर हेतु 02 वी0-5 लाइसेंस जारी किया गया।

# मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में बच्चों ने किया संस्कारों का प्रदर्शन



**भांवरकोल (गाजीपुर)।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुंडेसर में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से दोनों अतिथियों का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।

विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य ने उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को वाटर बोतल भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। अपने संबोधन में बीएसए उपासना रानी वर्मा ने विद्यालय के वातावरण, बच्चों के शिष्टाचार एवं अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति विद्यालय और समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यापकों ने अपनी समस्याएं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय के समक्ष रखीं। इस पर उन्होंने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति सम्मान, प्रेम एवं संस्कार की भावना विकसित करना था। इस दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता के चरण धोए, तिलक लगाया, धूप-अगरबत्ती दिखाकर दीप प्रज्वलित किया तथा उनकी आरती उतारी। भावुक माहौल ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेश नारायण सिंह ने की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार सिंह पप्पू ,अनिल कुमार पांडेय, विनोद पांडेय, अजय मौर्य, अभिषेक पांडेय, अशोक रंजन दुबे, प्रवीण कुमार शुक्ला, अशोक राय, रीना यादव, रीता देवी, पूर्व अध्यापक हेमनाथ राय सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन




**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** जिला अस्पताल के रक्त बैंक में शुक्रवार को इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, नागरिक सुरक्षा कोर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बलिया के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार का सी एम एस डा सुजीत कुमार एवं प्रभारी सीएमओ/ सचिव डॉ मंजू रानी द्वारा बुकें देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा फिता काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व अनिल कुमार ने कहा कि रक्त दान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं। यह बहुत ही पुनित कार्य है,एक रक्त दान से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

इस आयोजन के लिए उन्होंने कहा कि इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, नागरिक सुरक्षा कोर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बलिया का संयुक्त रूप से बहुत ही सराहनीय प्रयास है, साथ ही सभी रक्त महादानियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामना है। सभी रक्त दानियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। सीएमएस डा. सुजीत कुमार ने रेडक्रॉस सोसायटी की सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर इस तरह का आयोजन संस्था द्वारा कराया जाता है, इस आयोजन के लिए मैं संस्था को धन्यवाद के साथ शुभकामना देता हूं, साथ ही रक्त सूरवीर महादानियों को भी शुभकामना देता हूं रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं।

इस अवसर पर डॉ वसुंधरा, डॉ. रितेश सोनी, डॉ. आकांक्षा जयसवाल, डॉ. पीके उपाध्याय, जी. के. दुबे, सभापति विजय शर्मा, जिला समन्वयक/कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पाण्डेय, कृष्ण कांत पाठक, जितेन्द्र सिंह, शशीकांत ओझा, सोनी यादव, जिला आपदा विशेषज्ञ पीयूष सिंह शकील अंसारी, विनय यादव, संतोष तिवारी, पप्पू यादव, कमलेश कुमार पांडे, श्याम जी सिंह, कुसुम देवी, रीना देवी, प्रतीक सिंह, संजय श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, श्याम जी रौनियार एवं आदित्य तिवारी उपस्थित रहे।

## 07 से 21 मई तक होगा स्वगणना कार्य




**बलिया।** अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार ने शुक्रवार को आपदा विभाग के सभागार में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना एवं जनगणना प्रक्रिया को लेकर पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि जिले में 07 मई से 21 मई तक मकान सूचीकरण एवं स्वगणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान लोग अपने घर बैठे मोबाइल फोन के माध्यम से स्वयं अपनी गणना कर सकेंगे। अपर जिलाधिकारी ने स्वगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए पत्रकारों को इसका डेमो भी दिखाया और स्वगणना कराने की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे आमजन आसानी से इसमें भाग ले सकें। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि जनगणना 2027 के तहत स्वगणना अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें तथा लोगों को स्वयं गणना करने के लिए प्रेरित करें।

# गोविष्टि धर्मयुद्ध यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## जगदगुरू स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य स्वागत



**बिल्थरारोड (बलिया)।** गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने एवं सनातन संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ चल रही 81 दिवसीय गोविष्टि धर्मयुद्ध यात्रा के अंतर्गत परमपूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेमरी बलिया में हुआ। उनके साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं संत-महात्माओं का विशाल काफिला भी पहुंचा। स्वामीजी के स्वागत के लिए क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ टीएन मिश्रा ने अपने समर्थकों के साथ स्वामीजी की अगवानी करते हुए पुष्पवर्षा एवं फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक सत्यनारायण मिश्र द्वारा पादुका पूजन से हुई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी-देवताओं का आह्वान, पूजा-पाठ एवं भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

देश एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने जय-जयकार के नारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं के लिए डॉ टीएन मिश्रा द्वारा भव्य प्रसाद एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई थी। प्रात:कालीन कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन किया गया, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में डॉ टीएन मिश्रा एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ प्रियंका मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसके बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गोमाता की रक्षा को लेकर जनसमुदाय को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति एवं गौमाता की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। स्वामीजी ने लोगों से हाथ उठवाकर संकल्प कराया कि जो व्यक्ति गौमाता की रक्षा के लिए कार्य नहीं करेगा, उसका सहयोग नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने एक नोट और एक वोट देकर इस अभियान को मजबूत करने की अपील की।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ टीएन मिश्रा ने कहा कि संत-महात्माओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की मूल परंपरा है और संस्कृति विरोधी कार्य धार्मिक मान्यताओं के विरुद्ध हैं। इस अवसर पर संदीप श्रीवास्तव, राजू मिश्रा, धनंजय मिश्रा, शशिकांत तिवारी, रघुवीर यादव, अभयकांत यादव, हेमंत मिश्रा, सुनील सिंह, विपिन मिश्रा, आनंद यादव, प्रेमचंद मौर्य, आनंद मिश्र, मयंक पाण्डेय, पंकज मिश्रा, अंगद यादव, रामसेवक दास, दिनेश सिंह, दूधनाथ यादव, ओमप्रकाश पाण्डेय, बिट्ठू मिश्रा, राहुल सिंह, दिलीप कुमार, मनोज कुमार सहित अनेक लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। इसके उपरांत पूज्य स्वामीजी अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ श्रीरामजानकी भोजबाबा मंदिर मामपुर महदेवाकुटी पहुंचे, जहां संत-महात्माओं एवं क्षेत्रवासियों ने श्रीरामसेवक दास एवं त्रिलोकीनाथ मिश्र के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया।

यहां स्वामीजी ने श्रीरामजानकी एवं भोजबाबा मंदिर में पूजा-अर्चना एवं आरती की। अपने अभिभाषण में स्वामीजी ने पुन: गौमाता की रक्षा हेतु जनमानस से आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि धर्मयुद्ध है, जिसे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर लड़ना होगा।

## परिवहन मंत्री के कैंप कार्यालय पर क्षय रोगियों के लिए लगाया गया विशेष जांच शिविर

**बलिया।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नारायणी टाकिज स्थित कैंप कार्यालय पर विशेष आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से लोगों की जांच हुई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली आबादी की सुरक्षा व क्षय रोगी की जनसंख्या की पहचान करना और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

इसके अंतर्गत निम्नलिखित श्रेणियों के 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्ति, मधुमेह से ग्रसित रोगी व टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले परिवार के सदस्यों तथा घनी आबादी और कुपोषण के शिकार व्यक्तियों को चिंहित करना है। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा.साकेत बिहारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जनपद को प्रदान की गई अत्याधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन इस अभियान का मुख्य आकर्षण रही। इस मशीन के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और शिविरों में तत्काल एक्स-रे कर संभावित रोगियों की पहचान की जा रही है। अधिक से अधिक जांच होने से रोगियों को तुरंत इलाज पर रखा जा सकेगा, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा न्यूनतम हो जाएगा। मंत्री के कार्यालय द्वा इस शिविर के आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

मंत्री दयाशंकर सिंह की प्रेरणा से ही इस विशेष अभियान को अमलीजामा पहनाया गया है। शिविर को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के क्षय रोग अनुभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष सिंह, जिला समन्वयक अनुराग पांडेय, संजीत सिन्हा, जेपी राय का विशेष योगदान रहा। कहा कि प्रशासन का संकल्प है कि निरंतर ऐसे शिविरों के माध्यम से टीबी मुक्त बलिया के सपने को साकार किया जाए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, खड्ग बहादुर तिवारी, हर्ष सिंह, सुरजीत सिंह परमार, संजीव कुमार डम्पू, सुनील सिंह, योगेश सिंह, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रूकी किसान सम्मान निधि 20 मई तक करें अपडेट

**गाजीपुर।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बडी संख्या में किसानों की किस्ते विभिन्न अभिलेखीय कमियों के कारण रोक दी गयी है। कृषि विभाग के अनुसार करीब 52170 कृषक परिवारों की सूचनाएं भारत सरकार के पोर्टल पर अपूर्ण पाई गयी है जिसके कारण उनके खातो में भेजी जाने वाली 6000 रूपये की वार्षिक सहायता रूक गई है। यह राशि तीन समान किस्तों में सीधे आधार आधारित बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। भारत सरकार की रिपोर्ट में सामने आया है कि 38422 किसानों ने वरासत में मिली जमीन के पूर्व भू-धारक का सही विवरण पंजीकरण के समय दर्ज नही किया । वही 7321 मामलो में एक ही जमीन पर पूर्व और वर्तमान भू-स्वामी दोनों का नाम दर्ज है। इसके अलावा 6427 किसानों को एक फरवरी 2019 के बाद जमीन वरासत के अलावा अन्य स्रोतो से प्राप्त हुई है, जिससे वे योजना के मानकों पर खरे नही उतर रहे है। उप कृषि निदेशक गाजीपुर ने किसान भाईयों से अपील किया है कि वे जल्द से जल्द अपनी जानकरी अपडेट कराएं। इसके लिए किसान नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर जाकर या स्वयं आनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करे। इसके बाद आधिकारिक पोर्टल pmk-isan.gov.in ÂÚU Update Missing Information विकल्प के जरिये आवश्यक विवरण अपडेंट करे। सत्यापन के लिए किसानों को तहसील कार्यालय में पति-पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति, वर्तमान खतौनी की प्रमाणित प्रति तथा यदि जमीन वरासत से प्राप्त हुई है तो दिवगंत के आधार कार्ड और मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रतिया जमा करनी होगी। 30 अप्रैल 2026 तक सभी जरूरी सूचनाएं और दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद लम्बित प्रकरणों को केन्द्र सरकार द्वारा पोर्टल से हटा दिया जायेगा, जिससे भविष्य में योजना का लाभ नही मिल सकेगा। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के कर्मचारियों, विकासखण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डार या उप कृषि निदेशक कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## औचक निरीक्षण के दौरान सामूहिक नकल का बड़ा खुलासा

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ की सेमेस्टर परीक्षाओं के बीच उड़ाका दल द्वारा की गई औचक कार्रवाई में सामूहिक नकल का मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गठित टीम ने द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान बाबा सहोरु दास स्मारक महाविद्यालय, नन्दाव में छापेमारी की, जहां व्यापक स्तर पर अनियमितताएं पाई गईं। यह कार्रवाई डॉ. पंकज सिंह एवं डॉ. शफीउज्जमा के नेतृत्व में की गई। टीम गांधी त्रिवेणी स्मारक बरदह नोडल केंद्र से संबद्ध इस परीक्षा केंद्र पर पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परीक्षा में शामिल छात्र खुलेआम सामूहिक नकल कर रहे थे, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। इसके अलावा, विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कई नियमों और मानकों का उल्लंघन भी सामने आया। उड़ाका दल ने मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए सभी तथ्यों को संकलित किया और अपनी विस्तृत रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर

पत्रांक- 95/ ल0सिं0/लेखा/ निविदा सूचना/ 2026-27 दिनांक- 02.05.2026

**अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना सं0 08/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड जौनपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत चेकडैम निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से चेकडैम निर्माण कार्य हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म /ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो एवं उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की वेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे से 19.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड दिनांक 20.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड में उपयुक्त पाये गये निविदादाओं के फाइनेन्सियल विड दिनांक 23.05.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह विड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य स्थल का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य की मात्रा | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करो सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जौनपुर | भूसीबीर घाट कठवतिया चेकडैम निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति | ग्रामसभा कठवतिया | रामपुर | बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार | 18.77 | 1.88 | 854.00 | 90 दिवस |
| 2 | | पट्टी जियाराय उगापुर चेकडैम निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति | पट्टी जियाराय | रामपुर | | 18.23 | 1.83 | 854.00 | 90 दिवस |
| 3 | | मुरकटिया हीरापुर घाट चेकडैम निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति | मुरकटिया | रामपुर | | 21.09 | 2.11 | 854.00 | 90 दिवस |

**नोट-** कार्यो की मात्रा एवं धनराशि घट-बढ़ सकती है।

UP- 250968 DATE: 07.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलबध है।

(ए0एन0 पाण्डेय)
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर


# जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

**तरूणमित्र न्यूज**

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** स्थानीय पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार वादी द्वारा 8 मई 2026 को थाना सिकन्दरपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि उसके लड़कों पर अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तहरीर के आधार पर थाना सिकन्दरपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर रजनीश कुमार के निर्देशन में थाना सिकन्दरपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 105/2026 से संबंधित अभियुक्तों को सन्दवापुर-नगरा रोड स्थित ज्ञान दर्शन स्कूल मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में कमलेश (28 वर्ष), प्रितम (22 वर्ष) एवं इन्द्रशेन (30 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश निवासी सिकिया थाना सिकन्दरपुर शामिल हैं। साथ ही एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। सभी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि अभियोग धारा 191(2), 109, 115(2), 351(3) एवं 352 बीएनएस के तहत दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वसीमुद्दीन खां, कांस्टेबल अविनाश चौधरी, प्रियब्रत गौड़, रविशंकर पटेल एवं उमेश यादव शामिल रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर

पत्रांक- 83/ ल0सिं0/लेखा/ निविदा सूचना/ 2026-27 दिनांक- 02.05.2026

**अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना सं0 02/2025-26 (बजट/कार्यस्थल स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड जौनपुर में जिला योजनान्तर्गत चेकडैम मरम्मत कार्यो हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार चेकडैम मरम्मत कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या एसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरूद्ध कोई जांच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की वेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे से 19.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड दिनांक 20.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड में उपयुक्त पाये गये निविदादाओं के फाइनेन्सियल विड दिनांक 23.05.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह विड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | चेकडैम का नाम | ग्राम | विकास खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि 10% (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जौनपुर | मोहद्दीनपुर चेकडैम मरम्मत कार्य | मोहद्दीनपुर | धर्मापुर | 8.32 | 0.84 | रू0 770.00 |
| 2 | | मनवल चेकडैम मरम्मत कार्य | मनवल | करन्जाकला | 8.32 | 0.84 | रू0 770.00 |
| 3 | | भौसिंहपुर चेकडैम मरम्मत कार्य | भौसिंहपुर | मुफ्तीगंज | 8.29 | 0.83 | रू0 770.00 |
| 4 | | देवाकलपुर चेकडैम मरम्मत कार्य | देवाकलपुर | मुफ्तीगंज | 8.30 | 0.83 | रू0 770.00 |
| 5 | | लतीफपुर चेकडैम मरम्मत कार्य | लतीफपुर | शाहगंज | 8.29 | 0.83 | रू0 770.00 |

**नोट-1-** कार्यो के अनुबन्ध का गठन कार्यावाही बजट/ कार्यस्थल स्वीकृति के उपरान्त ही की जायेगी। कार्यो की मात्रा एवं धनराशि घट-बढ़ सकती है।

UP- 250965 DATE: 07.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलबध है।

(ए0एन0 पाण्डेय)
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर



नि:सन्तान दम्पत्ति निराश न होवें

बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए

शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर



सेवा का अवसर दें

निवेदक

डा0 रामअवध यादव

डा0 शकुन्तला यादव

डा0 आनन्द वर्द्धन

डा0 अन्शु कुमारी



पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर

Mob.: 8931931199, 9918805642

